


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 210/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 14 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in



**आज सोना-चांदी ने लगाई छलांग**
58 हजार के करीब पहुंचा सोना, चांदी भी 2,955 रुपए महंगी हुई

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक का निधन

### 78 साल की उम्र में दुनिया का कहा अलविदा




**इंदौर।** वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक का आज निधन हो गया। वह करीब 78 साल के थे। मिली जानकारी के अनुसार, वेदप्रताप नहाने के समय बाथरूम में गिर गए थे, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि, वैदिकजी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे भारत के ऐसे पहले विद्वान हैं, जिन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोध-ग्रंथ हिन्दी में लिखा। डॉ. वेदप्रताप वैदिक की गणना उन राष्ट्रीय अग्रदूतों में होती है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया और भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलवाने के लिए सतत संघर्ष और त्याग किया। डॉ. वेदप्रताप वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को पौष की पूर्णिमा पर इंदौर में हुआ। वे सदा प्रथम श्रेणी के छात्र रहे। वे रुसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत के भी जानकार हैं।

## करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कलवी का निधन!



**जयपुर।** करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कलवी का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उन्होंने एसएमएस अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। लोकेंद्र सिंह कलवी पहले ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हुए, इस वजह से उन्?हें अस्?पताल में भर्ती कराया गया था। अचानक आए कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) से डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। लोकेंद्र सिंह कलवी का नागौर जिले के कलवी गांव में अंतिम संस्कार होगा।

## हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर माचना नदी में गिरा, एक की मौत, तीन घायल

**बैतूल।** बैतूल-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहपुर में माचना नदी के पुल से हार्वेस्टर गिर कर पलट गया। इससे हार्वेस्टर में सवार चालक सहित चार लोग नीचे दब गए। जब तक सभी को बाहर निकाला जाता उसके पहले ही चालक की मौत हो गई। तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब सात बजे इटारसी से फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर लेकर चार लोग बैतूल की ओर जा रहे थे। शाहपुर में माचना नदी के पुल पर हार्वेस्टर चालक नियंत्रण खो बैठा और पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए हार्वेस्टर नदी में गिरकर पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। पोकलेन मशीन की मदद से दबे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर चोट आने से हार्वेस्टर के चालक कालासिंह पिता जागर सिंह (51) निवासी ग्राम सकराली थाना भागसों जिला पटियाला पंजाब की मौत हो गई। हार्वेस्टर के मालिक ओमप्रकाश चौहान निवासी ग्राम अकरा थाना भारकच्छ रायसेन, दूसरा आपरेटर करम सिंह निवासी पटियाला पंजाब और रामशंकर कहार निवासी अकरा थाना भार कच्छ जिला रायसेन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण मोहन सोनी ने आज भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इसके अलावा अनिल अग्रवाल लिली एवं सुनील पांडेय ने उपाध्यक्ष का पदभार संभाला। इस मौके पर पूर्व महापौर आलोक शर्मा, राहुल कोठारी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा में मंत्रि-परिषद की बैठक

# शासकीय सेवकों और पेंशनरों को महंगाई भत्ते एवं राहत की दर में वृद्धि के आदेश का अनुसमर्थन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में आज विधानसभा समिति कक्ष क्रमांक एक में मंत्री परिषद की बैठक राष्ट्रगीत वंदे मातरम गान के सामूहिक गायन साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में विधानसभा में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने शासकीय सेवकों और पेंशनरों को देय मंहगाई भत्ते एवं राहत की दर में 01 जनवरी 2023 से 4त्न वृद्धि का अनुसमर्थन किया। कर्मचारियों को देय मंहगाई भत्ता में 4त्न की वृद्धि किये जाने पर इस वित्तीय वर्ष में 265 करोड़ रुपए का अतिरिक्त अनुमानित व्यय भार संभावित है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा 27 जनवरी 2023 को शासकीय सेवकों / पेंशनरों को सातवें वेतनमान में देय मंहगाई भत्ता / राहत की दर में 01 जनवरी, 2023 (भुगतान माह फरवरी, 2023 ) से सातवें वेतनमान में 4त्न की वृद्धि



की जाकर 38त्न करने एवं राज्य शासन के छठवें वेतनमान में कार्यरत शासकीय सेवकों तथा राज्य शासन के उपक्रमों / निगमों / मण्डलों तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत चौथे एवं पांचवें वेतनमान में अनुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी किया गया था। मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 के अंतर्गत पेंशनरों / परिवार पेंशनरों को मंहगाई राहत में वृद्धि के फलस्वरूप व्ययभार मध्यप्रदेश शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियत अनुपात में वहन किया जाता है । अतः छत्तीसगढ़ शासन की सहमति प्राप्त करने के उपरांत मंहगाई राहत का आदेश जारी करने हेतु वित्त विभाग को अधिकृत किया गया।पेंशनरों / परिवार पेंशनरों को छत्तीसगढ़ शासन से सहमति प्राप्त होने की स्थिति में मंहगाई राहत में 4त्न की वृद्धि किये जाने पर इस वित्तीय वर्ष में 145 करोड़ रुपए का अतिरिक्त अनुमानित व्यय भार संभावित है।

## भोपाल गैस पीड़ितों को अतिरिक्त 7800 करोड़ मुआवजा नहीं मिलेगा

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका खारिज की, कहा- पहले ही 6 गुना मुआवजा दिया जा चुका

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस कांड के पीड़ितों का मुआवजा बढ़ाने की केंद्र सरकार की क्यूरेटिव पिटीशन को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस याचिका में गैस पीड़ितों को यूनियन कार्बाइड से करीब 7,800 करोड़ का अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने कहा कि केस दोबारा खोलने पर मुश्किलें बढ़ेंगी।

सरकार ने 2010 में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल की थी। जिस पर 12 जनवरी 2023 को स्ष्ट ने फैसला सुरक्षित रख



लिया था। सरकार ने पक्ष रखते हुए कहा था- पीड़ितों को अधर में नहीं छोड़ सकते।

**याचिका खारिज करने से पहले कोर्ट ने कहा-** यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन पर और ज्यादा मुआवजे का बोझ नहीं डाला जा सकता। हम इस बात से निराश हैं कि इस पर पहले ध्यान नहीं दिया।पीड़ितों को नुकसान की तुलना में करीब 6 गुना ज्यादा मुआवजा दिया जा चुका है।केंद्र सरकार ऋक्चढ्ढ के पास पड़े 50 करोड़ रुपए का इस्तेमाल पीड़ितों की जरूरत के मुताबिक करे।अगर ये केस दोबारा खोला जाता है तो यह यूनियन कार्बाइड के लिए ही फायदेमंद होगा, जबकि पीड़ितों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

**केंद्र ने 2010 में दाखिल की थी क्यूरेटिव पिटीशन-** गैस कांड के बाद यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन ने पीड़ितों को 470 मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया था, लेकिन पीड़ितों ने ज्यादा मुआवजे की मांग करते हुएप्प्कोर्ट में अपील की।

### बजट सत्र के दूसरे चरण का दूसरा दिन

## संसद:अडानी मामले पर फिर हंगामा, कार्यवाही दोपहर तक स्थगित



**नई दिल्ली।** मंगलवार 14 मार्च को आज संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज दूसरा दिन है। आज भी सदन में हंगामा जारी है। विपक्षी सांसद गौतम अडानी पर लगे आरोपों पर जेपीसी की मांग को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। जबकि सत्ता पक्ष के सांसद राहुल गांधी के लंदन वाले बयान को लेकर उनसे संसद में माफी मांगने की बात पर अडिग है। दोनों पक्षों के सांसद अपने-अपने दावे पर अडिग दिखे। संसद में हो रही नारेबाजी के कारण लोकसभा को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। दूसरी ओर राज्यसभा की कार्यवाही अभी चल रही है। राज्यसभा में ऑस्कर में भारत का परचम लहराने के लिए नाटू-नाटू और द एलिफेंट व्हिस्परर्स की टीम को बधाई दी गई है।

**पहले दिन भी हंगामे के कारण नहीं हो सका था काम-काज-** संसद के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को इन्हीं दोनों मांगों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच पूरे दिन सदन में हंगामा हुआ था। इस कारण पहले सदन को दोपहर दो बजे तक और फिर पूरे दिन के स्थगित करना पड़ा था। आज यानी मंगलवार को बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन भी हंगामे के कारण लोकसभा स्थगित कर दी गई।

### भाजपा सांसद कर रहे राहुल गांधी से माफी की मांग

दूसरी ओर सत्ता पक्ष के सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर माफी की मांग की। कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के आरोप का नेतृत्व लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्यसभा में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया, दोनों ने राहुल गांधी से माफी की मांग की। विपक्षी दलों ने हालांकि इसे सरकार की ध्यान भटकाने वाली रणनीति करार दिया, क्योंकि भाजपा जेपीसी का जिक्र तक सुनना नहीं चाहती।

### खरगे ने याद दिलाई चीन दौरे पर पीएम मोदी पर बयान

पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया, ÷मैं आपको चीन में दिए गए आपके बयान की याद दिलाना चाहता हूं। आपने कहा था - ÷पहले आपको भारतीय होने पर शर्म आती थी। अब आप देश का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करते हैं।

### विधानसभा में छलका भाजपा विधायक का दर्द, बोले-

## मेरी उपेक्षा की जा रही, कांग्रेस का वॉकआउट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा, मेरी उपेक्षा हो रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री से उन्होंने कहा- मैं हाथ जोड़कर, गिड़गिड़ाकर अनुरोध कर रहा हूं, अधिकारियों की तानाशाही मत चलने दीजिए। शर्मा ने सिरोंज में सीएम राइज स्कूल के लिए तय की गई जमीन का मामला उठाया था। उन्होंने कहा जिस जगह का डीपीआर बनाया गया है, वहां बारिश में कमर तक पानी भर जाता है। उन्होंने अपने क्षेत्र में संस्कृत विद्यालय का भवन बनाने को लेकर भी सवाल पूछा।

इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस का कहना है, बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ सदन में नियम विरुद्ध तरीके से निंदा प्रस्ताव लाया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा, शून्यकाल में कभी भी कोई संकल्प नहीं लाया जा सकता। कार्य मंत्रणा समिति में भी इसकी कोई चर्चा नहीं हुई थी। बुरहानपुर से निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा ने शून्यकाल में बुरहानपुर में तेजी से जंगल कटने का मामला उठाया।

मंत्री ने कहा- 104 नियमित प्राचार्य हैं। बाकी को प्रभारी प्राचार्य बनाकर संचालित कर रहे हैं। भवनों की डीपीआर का काम चल रहा है। जहां प्रभारी प्राचार्य हैं, वहां भी हम प्रक्रिया पूरी कर स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति करेंगे। इस साल के अंत तक 49000 शिक्षकों की भर्ती करेंगे।

### कमलनाथ ने कहा, 7 महीने बाकी हैं, सबका समाधान करेंगे

दूसरा सवाल सज्जन सिंह वर्मा ने सीएम राइज स्कूलों के विज्ञापन को लेकर पूछा, उन्होंने कहा- मेरे प्रश्न के जवाब में मंत्री ने इस बात को दर्शाया है कि विज्ञापन पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। वाहवाही पर करोड़ों खर्च हो रहे हैं, जबकि बच्चों के



लिए भवन नहीं। 3 लाख बच्चे सरकारी स्कूलों से निकल गए, आपके यहां प्राचार्य तक नहीं है। वर्मा ने कहा- इतना बता दें कि प्राचार्य के पद कब तक भर देंगे, सारे स्कूलों के भवन कब तक बन जाएंगे। मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा- हम पहले टेस्टिंग कर रहे हैं, ताकि भवन की अवधि लंबी रहे। स्कूल शिक्षा विभाग के पास 274 स्कूल ही हैं, बाकी ट्राइबल विभाग के पास हैं।

## टेरर फंडिंग पर एनआईए का शिकंजा, एक साथ कई ठिकानों पर हो रही छापेमारी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी का आज जम्मू कश्मीर में बड़ा एक्शन हो रहा है। मंगलवार सुबह एनआईए के अधिकारियों की टीम ने जम्मू कश्मीर के अलग-अलग जिलों में एक साथ छापेमारी अभियान शुरू किया है। यह छापेमारी टेरर फंडिग, घाटी में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले गठजोड़ का पर्दाफाश करने और राज्य में हो रही टारगेट किलिंग की घटनाओं के मामले में की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जम्मू कश्मीर के शोपियां, पुलवामा, अनंतनाग और कुलगाम में कई ठिकानों पर एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है। छापेमारी से संबंधित विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार है। फिलहाल मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि टेरर फडिंग के मामले में एनआईए ने जम्मू कश्मीर के एक स्थानीय पत्रकार के घर भी दबिश दी है। उससे पूछताछ की जा रही है। दावा तो यह किया जा रहा है कि स्थानीय पत्रकार को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**जम्मू कश्मीर के इन इलाकों में हो रही छापेमारी-** मिली जानकारी के अनुसार एनआईए की टीमें शोपियां जिले के वाची इलाके, पुलवामा जिले के नेहामा, कुलगाम और अनंतनाग जिले के फ्रेशल इलाके में छापेमारी कर रही है। एनआईए की ओर से हिरासत में लिए गए एक नए क्षेत्रीय अखबार के साथ काम करने वाले एक स्थानीय पत्रकार के निलूरा पुलवामा स्थित घर की भी तलाशी ली गई है।

### एक दिन पहले भी श्रीनगर में एनआईए ने मारा था छापा

मालूम हो कि एक दिन पहले यानी सोमवार को भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में छापा मारा था। सोमवार को टीम ने श्रीनगर के करफली मोहल्ला हब्बाकरद में फारूक अहमद के बेटे उजैर अहमद के घर पर छापा मारा था और तलाशी ली थी। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में अब तक कई बार छापेमारी कर चुकी है। एजेंसी की ओर से कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया था।

## लोकायुक्त कार्रवाई : खनिज अधिकारी के पास मिला खजाना

### बेहिसाब संपत्ति उजागर - इंदौर, उज्जैन और पीथमपुर में चल रही जांच

**इंदौर।** जिला खनिज अधिकारी डॉ. मोहन खतेड़िया के यहां लोकायुक्त पुलिस ने आज छापामार कार्रवाई की। खतेड़िया देवास में पदस्थ है, जिसके इंदौर, उज्जैन और पीथमपुर ठिकानों पर जांच हुई। यहां से पुलिस को बेहिसाब संपत्ति मिली है। ये भी खुलासा हुआ कि वो जियोलॉजिस्ट है, लेकिन सांठगांठ से जिला खनिज अधिकारी बन बैठा। वहीं, अपने पद का दुरुपयोग करके वह बेटे को काम दिलाता था।

लंबे समय के बाद लोकायुक्त पुलिस ने देवास जिले के खनिज अधिकारी डॉ. खतेडिया के यहां जांच कर बड़ी कार्रवाई की। भोपाल लोकायुक्त में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज होने के बाद सर्वे किया



गया। आज सुबह 6 बजे सी-124 तुलसी नगर में लोकायुक्त की टीम पहुंची। जैसे ही टीम घर में आई, वैसे ही खतेडिया का परिवार सकते में आ गया। जांच के दौरान घर की तलाशी ली गई, जिसमें कई संपत्तियों के दस्तावेज मिले तो तीन लाख रुपए नकद व सोने की ज्वेलरी जब्त की गई, जिसकी गणना जारी है।

इसके अलावा उज्जैन में भी खतेडिया का एक मकान है, जहां सर्वे किया जा रहा है तो पीथमपुर में एक आरएमसी प्लांट पर भी टीम पहुंची, जो कि उनके बेटे नयन के नाम पर है। गौरतलब है कि डॉ. खतेडिया जिला खनिज अधिकारी के पद पर पिछले एक दशक से काबिज है, जबकि वो जियोलॉजिस्ट के रूप में खनिज विभाग में भर्ती हुए थे। भोपाल में अपने रिश्तों के दम पर वे जिलों में खनिज अधिकारी बन जाते थे। देवास जिला खनिज अधिकारी से पहले वे धार में पदस्थ थे और उससे पहले उज्जैन में थे। वे धार में दो बार जिला खनिज अधिकारी रहे। पद का फायदा उठाकर बेहिसाब संपत्ति जुटाई।

## आम आदमी पार्टी का चुनावी शंखनाद: भेल दशहरा मैदान पर जनसभा करेंगे अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस की मुसीबतें बढ़ाएगी। आज दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री भोपाल आकर आम आदमी पार्टी के चुनावी शंखनाद का आगाज करेंगे। भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान की संयुक्त जनसभा होगी। दोनों दोपहर 2.15 बजे दिल्ली से भोपाल आएंगे। आज भेल दशहरा मैदान पर ट्रैफिक में बदलाव भी किया गया है।

**बीजेपी - कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता कर सकते हैं आप जॉइन-** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संदीप पाठक और आप के प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह जून करीब एक महीने से मप्र में ही डेरा डाले हुए



हैं। संदीप पाठक प्रदेश के अलग-अलग शहरों में कार्यकर्ताओं की बैठकें लेकर आज भोपाल में होने वाली जनसभा के लिए आमंत्रित कर चुके हैं। आप नेताओं का दावा है कि आज के कार्यक्रम में बीजेपी, कांग्रेस और अन्य दलों के कई नेता और पदाधिकारी आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेंगे।

**शहरों में सक्रियता से बढ़ेगी बीजेपी की मुश्किलें-** आम आदमी पार्टी ने पिछले साल हुए नगरीय निकाय के चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। सिंगरौली नगर निगम में आम आदमी पार्टी ने रानी अग्रवाल को मेयर बनाने में कामयाबी हासिल की थी। रानी के मेयर बनने से आम आदमी पार्टी उत्साहित है। सिंगरौली के अलावा आम आदमी पार्टी के प्रदेश भर में 52 पार्षद जीते थे। नगरीय निकाय के चुनाव में आप को 6.3त्न वोट मिले थे। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आप के 10 जिला पंचायत सदस्य, 27 जनपद पंचायत सदस्य और 118 सरपंच चुनाव जीते थे। गांवों से लेकर शहरों में मिले जनसमर्थन से आम आदमी पार्टी उत्साहित है। शहरों में आप की सक्रियता बीजेपी को मुश्किल में डाल सकती है।

## कैलाश नगर में धूमधाम से निकली सांई बाबा की पालकी





**संत हिरदाराम नगर।** कैलाश नगर में स्थित साँईं बाबा मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। साँईं बाबा मंदिर का 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें रविवार को सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं सोमवार को भव्य साँईं पालकी यात्रा निकाली गई। जो कई कॉलोनियों से होते हुए मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर रामबंसल रेनवाल, राहुल राजपूत, बीडीए अध्यक्ष कृष्णमोहन सोनी, पंडित गंगाराम भार्गव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जनता की समस्याओं का पूरी तरह से करेंगे निराकरण: रामेश्वर शर्मा

# विकास कार्यों के लिए सिंधी पंचायत ने किया विधायक शर्मा का सम्मान




**संत हिरदाराम नगर।** ढाई करोड़ की लागत से हलालपुर से विसर्जन घाट तक डबल डेकर एलीवेटेड फ्लाइ ओवर, संत हिरदाराम नगर के सड़कों का कायाकल्प, पगड़ी रस्म हाल की योजना सहित अन्य विकास कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए यहां की सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारियों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को सम्मानित किया। पदाधिकारी संरक्षक प्रकाश मीरचंदानी,ईश्वरदास हिमथानी, वासुदेव वाधवानी, अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, उपाध्यक्ष मनोहर वीधानी, सचिव रमेश हिंगोरानी, प्रवक्ता महेश खटवानी, कोषाध्यक्ष मंघाराम मेंघवानी, कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी व मण्डल भाजपा अध्यक्ष कमल वीधानी, मूलचंद वीधानी आदि ने विधायक रामेश्वर शर्मा का शाल ओढ़कर व श्रीफल से सम्मान किया।

इस मौके पर भाजपा विधायक ने कहा कि उन्होंनें आम जनता से कोलार, ग्रामीण इलाकों एवं संत हिरदाराम नगर को समस्यामुक्त करने का वायदा किया था, जिसे पूरा करने की दिशा में काम प्रारंभ हो चुका है। रेलवे ओवर ब्रिज के अलावा डबल डेकर एलीवेटेड फ्लाइ ओवर ब्रिज, गुलाब उद्यान की जहां सौगात मिलने जा रही है, वहीं संत हिरदाराम नगर की सभी सड़कों का कायाकल्प करने का निर्णय भी लिया गया और अधिकांश सड़कों का निर्माण हो चुका है, शेष रह गई सड़कों का भी जल्द निर्माण किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि आम जनता की तकलीफों को दूर करने एवं विकास के लिए वे हमेशा उपलब्ध हैं, जब भी मेरी जहां जरूरत होगी वहां अवश्य मौजूद रहूंगा।

## अच्छी परवरिश तपस्या के समान: सिद्ध भाऊ




**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं उनके उत्तराधिकारी श्रद्धेय सिद्धभाऊ जी के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन में शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित विद्यासागर पब्लिक स्कूल राधीबाई हासोमल ख्यानतानी फॉउंडेशन स्कूल और अर्जन हाथीरामानी प्ले स्कूल में 11 मार्च को नये प्रवेश पाने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए पेरेन्ट्स इंटरेक्शन मीट का आयोजन किया गया।

प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय संत सिद्धभाऊ ने अपने आशीर्वचनों में अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि संतानवान होना परम सौभाग्य है। जन्म देना सौभाग्य है लेकिन यह वरदान तब बनता है जब बच्चे की सही परवरिश हो। बच्चे की परवरिश बड़ी जिम्मेदारी है जैसे श्रीकृष्ण को माता देवकी ने जन्म दिया लेकिन उनकी परवरिश माता यशोदा ने की इसलिए आज भी श्रीकृष्ण के नाम के साथ माता यशोदा को ही याद किया जाता है। बच्चे की परवरिश तपस्या के समान है जिसके लिए माता -पिता बहुत मेहनत करते हैं उसे अच्छी शिक्षा अच्छा भोजन और हर सुख-सुविधा देना चाहते हैं।

अभिभावक बच्चे में अच्छे संस्कार रोपित करने के लिए अपने व्यवहार एवं वाणी को उनके सामने एक मिसाल के रूप मे रखें क्योंकि बच्चा जैसा व्यवहार करते हुए आपको देखता है वह भी वही सीखता है, इसलिए बच्चों के सामने अपने माता -पिता का आदर करें और सभ्य भाषा बोलें। संस्था के सचिव ए.सी. साधवानी, संयुक्त सचिव के. एल. रामनानी, विद्यासागर पब्लिक स्कूल के निदेशक एल. सी. जनयानी व भगवान दामानी, संस्था की एकेडमिक हेड जयश्री मूर्ति एवं प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने भी अभिभावकों को संबोधित किया। इस अवसर पर के. एल. मोटवानी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के नन्हें -मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक देशप्रेम से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## साढ़े छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**भोपाल ।** थाना बिलखिरिया द्वारा वर्ष 2021 में हुई सनसनी खेज वारदात साढ़े छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना बिलखिरिया भोपाल में 27 सितंबर.2021 को पिरिया मोहल्ला में फरियादीया की साढ़े छह वर्ष की बच्ची के साथ उसके मोहल्ले में रहने वाले लड़के अंकित माली के द्वारा जहां पर उसकी बेटी कोचिंग पढ़ने जाती थी वह बच्ची दुष्कृत्य संबंधी रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी थाना बिलखिरिया अप.क्र.466/21 धारा 376, 377 भादवि 5(द्व) / 6 पक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान आरोपी अंकित माली को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया एवं साक्ष्य संकलित किये गये। प्रकरण को शासन स्तर पर चिन्हित श्रेणी में रखे गया था प्रकरण जघन्य घिनौना प्रवृत्ति का होने से समय सीमा में चालान प्रस्तुत कर अभियोजन शाखा से उचित समन्वय कर पैरवी एवं समय पर गवाई कराई गयी एवं साक्ष्य पेश किये गये। प्रकरण में न्यायालय पदमा जाटव अठाहरवें अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सोमवार 13 मार्च 2023 को प्रकरण में निर्णय कर आरोपी अंकित माली को धारा 376 (क, ख) भादवि एवं 5(एम)/ 6 पक्सो एक्ट में शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास एवं 20000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 376( 2 ) एफ भादवि एवं 5 एफ / 6 पॉक्सो एक्ट में शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास एवं 20000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित कर निर्णय पारित किया गया।

## डीके कॉटेज जन कल्याण समिति ने आमनगर में सेनेटरी पैड एवं स्टेशनरी बांटी



**भोपाल।** डीके कॉटेज जन कल्याण समिति के तत्वाधान में बावड़िया कला के आम नगर बस्ती में स्वच्छता के प्रति जन जागरण अभियान और स्वच्छता रैली निकाली गई इसके साथ ही समिति की महिलाओं ने बस्ती में सेनेटरी पैड एवं बच्चों को स्टेशनरी भी वितरित की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष माधुरी शर्मा के साथ ममता गर्ग, ज्योति यादव, सुप्रिया धाकड़,रश्मि कुलकर्णी एवं डॉक्टर स्वपना सिंह ने बस्ती की महिलाओं को अपने आसपास समाज की स्वच्छता के साथ साथ आंतरिक सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। कैसे करूं मैं अपनी आईडी समिति अध्यक्ष डॉ तरुण सिंह चौहान ने बताया कि इसके अलावा महिलाओं ने बच्चों को स्टेशनरी संबंधित सामग्री का वितरण किया। स्वच्छता निमित्त सूखा गीला कचरे को अलग अलग करने के उपयोग करने की प्रेरणा दी।पन्नी का उपयोग न करने की सलाह दी गई सभी से पौधे लगाने तथा पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया गया एवं इसी प्रकार से पूरी आम नगर बस्ती में स्वच्छता रैली निकालकर साफ सफाई के प्रति,उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जाग्रत किया गया।

## सुख शांति के लिए भगवान महादेव का रुद्र अभिषेक के साथ हवन पूजन किया





**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत और संत नगर की समस्त सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक एवं शिक्षण संस्थाओं ने मिलकर देवो के देव महादेव का रुद्रअभिषेक व हवन किया। सुख शांति, कल्याण, प्रगति, समृद्धि के लिए पूजन की गई। रुद्रअभिषेक की विधिवत पूजा, अर्चना, महाआरती गुफा मंदिर लालघाटी के आचार्य लेखराज शर्मा, आचार्य राकेश, आचार्य नित्यानंद, आचार्य रुद्रप्रताप ने सम्पन्न करवाई। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह अभिषेक निश्चित रुप से सबके लिए फलदायी रहेगा। इस अवसर पर हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने पंचायत सहित समस्त संस्थाओं एवं ऐसे धर्म के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। इस अवसर हीरो ज्ञानचंदानी, बसंत चेलानी, विष्णु गेहानी, राम बसंल, सुशील वासवानी, कमल वीधानी, घनश्याम लालवानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, मूलचंद वीधानी, विष्णु बसंल, माधू चांदवानी, नंद कुमार दादलानी, जगदीश असवानी, मोहन मीरचंदानी, पं जय शर्मा, कन्हैया इसरानी, महेश खटवानी, महेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गांधीनगर में पंचायत ने लगाया जनता दरबार, फैसला बोर्ड का हुआ गठन



**संत हिरदाराम नगर।** गांधी नगर क्षेत्र की सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत ने सोमवार को पंचायत कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने पानी, बिजली, सड़क आदि समस्याओं को लेकर पांच आवेदन पत्र लिये। पंचायत ने उपरोक्त शिकायतों का निराकरण करवाने के लिए दरबार में मौजूद नगर निगम विधायक प्रतिनिधि राजू मीणा को दिए। पंचायत के अध्यक्ष अशोक प्रेमनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता दरबार में क्षेत्रीय कांग्रेस पार्षद लक्ष्मण राजपूत आमंत्रित किया गया था लेकिन मध्यप्रदेश कांग्रेस का राज भवन पर प्रदर्शन में राजपूत शामिल होने के कारण दरबार में उपस्थित नहीं हो सके। जनता दरबार अवसर पर परिवारिक मामलों के निपटान के लिए सीनियर सिटीजन की तीन सदस्य फैसला बोर्ड कमेटी गठित की गई जिसमें दादा जेठानंद रोचीराम वासवानी, दादा मंसाराम असनानी को शामिल किया गया है। सिंधी पंचायत हर माह के प्रथम रविवार को सुबह 11 से 2 तक जनता की दरबार आयोजित करेगी। इस बार के दरबार आयोजन में क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी को आमंत्रित किया जाएगा। सोमवार को आयोजित जनता दरबार में विशेष रूप से कमल लालवानी, प्रदीप ज्ञानचंदानी, दिलीप लालवानी, अजय बुदानी, लखकुमार वासवानी सहित कई उपस्थित थे।

## एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज मंडीदीप द्वारा इंडस्ट्रियल एक्सपो 2023 का आयोजन



भोपाल। एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज मंडीदीप द्वारा इंडस्ट्रियल एक्सपो 2023 का आयोजन 13 से 15 मार्च तक किया जा रहा है आज इस एक्सपो का उद्घाटन लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा एवं क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री सुरेंद्र नाथ पटवा की उपस्थिति में किया गया एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज मंडीदीप के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि यह एसोसिएशन द्वारा एक्सपो का यह दूसरा वर्ष है मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए इस एक्सपो को प्रदेश में औद्योगिक वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण कदम माना इस एक्सपो में 100 से अधिक कंपनियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है।

# संस्कार और संस्कृति का देश है भारत: संजर

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजित

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र भोपाल द्वारा जिला स्तरीय आस- पड़ोस में युवा संसद का आयोजन वाल्मी भोपाल में किया गया , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं समाजसेवी आलोक संजर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युवाओं का देश है, आज युवाओं के सामने अनंत संभावनाएं हैं कि वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। आज का युवा वायु के समान गतिमान है। युवा जब चल देता है तो चरैवेति- चरैवेति के मंत्र से मंजिल तक पहुंच ही जाता है। आज विश्व में भारत का लोकतंत्र सभी के लिए उदाहरण है , जहां पर हम वसुधैव कुटुंबकम् के साथ पूरे विश्व को अपना मानते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत सभ्यता और संस्कृति का देश है, इसीलिए मैं नहीं हम के भाव के साथ सभी आगे बढ़े और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर राज्य निदेशक डॉ. सुरेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंचप्राण को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया,जहां युवाओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी ।

युवा संसद में प्रतिभागी जय वेद ने कहा कि कोविड के बाद भी भारत ने जिस तरीके से सभी क्षेत्रों में नवाचार किया है,वह विश्व के लिए एक उदाहरण है। आज भारत में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न बन रहे हैं। प्रतिभागी शिरीन ने कहा कि हमें अपनी विरासत एवं संस्कृति पर गर्व करना चाहिए,अब गुलामी की मानसिकता को खत्म करते हुए अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर है। प्रतिभागी आशीष गुप्ता ने कहा कि नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करना भी राष्ट्र धर्म है, हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ नागरिक कर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहिए। युवा संसद का संचालन राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार से सम्मनित शुभम चौहान ने किया। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर वाल्मी पटेल, वरिष्ठ चित्रकार नीतादीप बाजपेई, अमिता खरे, समाजसेवी अभिषेक पुरोहित सहित युवा उपस्थित रहे।

# सरकार के साथ समाज के सहयोग से शाहगंज बना अन्य शहरों के लिये प्रेरणा : शिवराज सिंह चौहान

**चल रहा है जनता की तकदीर और प्रदेश की तस्वीर बदलने का महा अभियान, मुख्यमंत्री शाहगंज के गौरव दिवस में शामिल हुए**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यदि सरकार की नीयत और नीति दोनों ठीक हो तो तस्वीर और तकदीर बदलती है। प्रदेश में जनता की तकदीर और प्रदेश तस्वीर बदलने का महाअभियान चल रहा है। मेरी जिंदगी का मकसद है, आपकी जिंदगी में खुशहाली लाना और इसके लिये मैं निरंतर कार्य कर रहा हूँ। यदि आपकी जिंदगी खुशहाल होती है, तो मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थकता है। मुख्यमंत्री चौहान सीहोर जिले के शाहगंज नगर के गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितलाभ और स्वीकृति-पत्र हितग्राहियों को वितरित किये।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सरकार के साथ समाज के सहयोग से शाहगंज आज प्रदेश के अन्य शहरों के लिये प्रेरणा बन गया है। शाहगंज स्वच्छता में छोटे शहरों में नंबर एक है। यहाँ शासन की सभी योजनाएँ व्यवस्थित रूप से लागू हुई हैं। गौरव दिवस का आयोजन भी व्यवस्थित ढंग से किया गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बहनों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी योजना है। आगामी 25 मार्च से इस योजना के फार्म भरवाए जाएंगे और 10 जून को बहनों के खातों में पैसा आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 56 हजार गरीब बेटियों की शादी सरकार द्वारा करवाई गई है और 44 लाख 40 हजार बेटियों को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में बहनों के प्रति दुराचार करने वालों के विरुद्ध फाँसी की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रसूति सहायता योजना में जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रूपये की सहायता दी जाती है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवा रही है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिंदी में शुरू हो गई है विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मामा कोचिंग क्लास चलाई जा रही है। प्रदेश में 1 लाख 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की कार्रवाई चल रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि नई आबकारी नीति में 1 अप्रैल से सभी शराब के अहाते बंद कर दिए जाएंगे। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालक का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने किसानों से कर्ज माफी के झूठे वादे कर उन्हें डिफॉल्टर बना दिया था। हमारी सरकार किसानों का ब्याज मुक्त करेगी और उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिलवाएगी। शाहगंज क्षेत्र में आज स्वामित्व योजना के पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के पट्टों का भी शीघ्र वितरण होगा। क्षेत्र के जो 13 गाँव नर्मदा पाइप लाइन से छूट गए हैं, उनके लिए 55 करोड़ रूपये की नई योजना बनाई जा रही है, जिससे 3400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। कोई खेत सूखा नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने शाहगंज क्षेत्र में नवीन नगर परिषद कार्यालय और कायाकल्प अभियान के अंतर्गत वार्डों में सीसी रोड निर्माण की घोषणा भी की। जिले के प्रभारी और लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री चौहान को जननायक बताते हुए कहा कि अब वे लाडले मामा से लाडले भाई भी बन गये हैं। मंत्री डॉ. चौधरी ने मुख्यमंत्री का कल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार माना। सांसद रमाकांत भार्गव ने मुख्यमंत्री चौहान को प्रदेश के साथ ही शाहगंज के विकास का शिल्पी निरूपित करते हुए उन्हें शाहगंज का गौरव बताया। भार्गव ने बुदनी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि शाहगंज कस्बा आज नगर बना है। उन्होंने प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए जारी योजनाओं के लिए भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। गौरव दिवस समारोह में विख्यात गायिका सुकविता पौडवाल ने भजनों और देश-भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। गौरव दिवस कार्यक्रम में विधायक, जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का किया स्वागत

मुख्यमंत्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर नगर के मुख्य मार्गों पर रोड-शो कर नगरवासियों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री का नागरिकों ने पुष्प-वर्षा कर और फूल मालाओं से स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सभी शहरवासियों को गौरव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। नगर के सभी सामाजिक, संस्कृतिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के साथ सभी वर्गों के नागरिक, बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। बेटियाँ भी अपने प्रिय मामा को अपने बीच पाकर खुश नजर आयीं।

### अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर 55 लाख 61 हजार रूपए की लागत से निर्मित श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने 2 करोड़ 93 लाख रूपए की लागत से बनी आधुनिक जिम और 130 फिट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ एवं ध्वज का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री चौहान ने 7 करोड़ 59 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 38 करोड़ 81 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया।

### बीमा कराने वाला देश का पहला शत-प्रतिशत नगर बना शाहगंज

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर सभी नागरिकों को सुरक्षा बीमा कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शाहगंज के सभी नगरवासियों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करा कर शाहगंज नगर को देश का पहला नगर बना दिया। उल्लेखनीय है कि विकास यात्रा के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह की पहल पर सुरक्षित सीहोर अभियान के तहत सभी पात्र नागरिकों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराने का अभियान चलाया गया। सुरक्षित सीहोर अभियान में शाहगंज नगर के सभी पात्र नागरिकों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराया गया है।

## जीतू पटवारी ने विधानसभा में गृह विभाग से संबंधित पूछे 4 प्रश्न

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जीतू पटवारी ने विधानसभा में 4 प्रश्न गृह विभाग से संदर्भित पूछे। पहले प्रश्न में मध्यप्रदेश में ऑनलाइन सट्टा जोर-शोर पर जारी है कुछ महीने पहले इंदौर में रोड सेफ्टी को लेकर क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ था जिसमें देशभर के और विदेश के खिलाड़ी भी खेलने आए थे जिन की टीशर्ट के ऊपर ऑनलाइन सट्टा कंपनियों ने अपने लोगों लगाकर प्रचार किया था, साथ ही इंदौर शहर के अंदर भी विभिन्न होल्डिंग पर उन्होंने अपना प्रचार किया था, क्रिकेटरों के आने-जाने के ऊपर भी चार्टर्ड प्लेन वगैरह का खर्चा ऑनलाइन सट्टा कंपनियों ने किया था,जिसके संदर्भ में जानकारी आज गृह मंत्री ने नहीं दी और बताया कि जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

2 विभिन्न शहरों जैसे इंदौर जबलपुर भोपाल और ग्वालियर मैं पिछले 5 साल में विभिन्न अपराध का आंकड़ा निकाला गया तो यह पाया गया इंदौर शहर इन चारों शहर में क्राइम के मामले में दूसरे पोजीशन पर है, साथ ही यह भी पूछा गया कि दोनों शहरों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली आने के बाद अपराध कम हुए या बड़े है,चौंकाने वाली जानकारी मिली है की बलात्कार,आत्महत्या और हत्या के प्रकरण दोनों ही शहरों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली आने के बाद बड़े है।

3 मंदसौर गोलीकांड में जांच आयोग ने 4 वर्ष 8 माह पूर्व अपनी जांच करके रिपोर्ट सरकार को जमा कर दी है किंतु आज दिनांक तक सरकार विधानसभा के पटल पर जानकारी नहीं रख के अपराधियों को बचा रही है और जब जीतू पटवारी जी ने वह प्रश्न पूछा तो गृहमंत्री ने बोला की जानकारी एकत्र की जा रही है।

## भेल क्षेत्र की निजी कॉलोनियों में बिजली देने बनाये योजना: ऊर्जा मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बीएचएल (भेल) क्षेत्र में स्थित आवासीय कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भेल और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी मिल कर रास्ता निकालें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश जन-प्रतिनिधि और अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिये।

तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी इस क्षेत्र बिजली की अधो-संरचना में होने वाले व्यय की कार्य-योजना और प्राक्कलन बनायें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चर्चा करने के लिए 15 दिन बाद फिर बैठक की जायेगी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भेल क्षेत्र में जो रहवासी वर्षों से रह रहे हैं, उन्हें जमीन के पट्टे देने की कार्यवाही की जायेगी। इस क्षेत्र में लगभग 5500 झुग्गियाँ हैं। विधायक कृष्णा गौर ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि रहवासियों की समस्या के मद्देनजर शीघ्र हल निकलना चाहिए। यहाँ की बिजली कटौती जल्द बंद की जाए। एम.डी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि भेल क्षेत्र की जमीन का राजस्व भूमि में परिवर्तित होने पर यहाँ बिजली अधो-संरचाना का निर्माण और विद्युत प्रदाय किया जा सकेगा। सचिव ऊर्जा एम.आर. रघुराजन, भेल के कार्यपालक निदेशक विनय निगम, स्थानीय जन-प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य और सेहत के लिए दूध के शुद्धीकरण का विषेश अभियान

भोपाल। जिले में कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देशन एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा देवेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के प्रदेश में सार्वाधिक नमूनें जिले में लिये गये है। जॉच हेतु लिये गये है। देवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान में मार्च तक 354 दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूनें जांच हेतु लिये जा चुके है। इनमें से 85 लीगल नमूनें, सर्विलेंस के 30 नमूनें, मैजिक बॉक्स के माध्यम से 198 नमूनें, चलित खाद्य प्रयोगशाला से 71 नमूनें है। अभी तक की प्रारंभिक जांच में किसी भी दूध एवं दुग्ध उत्पादों में यूरिया / डिटर्जेंट की मिलावट की पुष्टि नहीं हुई है। इस अवधि में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूनों में पानी की मिलावट से संबंधित 02 प्रकरण समक्ष न्यायालय में दर्ज किये जा चुके है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला भोपाल द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला, मैजिक बॉक्स के माध्यम से आमजन द्वारा दैनिक उपयोग में लिये जा रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच भी मौके पर की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित दूध कलेक्शन सेंटर, चिलिंग प्लांट, दूध का परिवहन करने वाले वाहन, मावा, घी, पनीर, दुग्ध उत्पादों का व्यवसाय करने वाले कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की सघन जांच अभियान अंतर्गत की जा रही है।

## राप्से के अधिकारियों के तबादले, केरकेट्टा और गोहल भोपाल ननि में अपर आयुक्त बने




भोपाल। राज्य शासन ने आज शाम राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। भोपाल के अपर कलेक्टर संदीप केरकेट्टा को नगर निगम भोपाल का एडीशनल कमिश्नर बनाया गया है। जबलपुर स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निधि सिंह राजपूत को सिवनी जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी और चंद्र प्रताप गोहल अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल को जबलपुर स्मार्ट सिटी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है।

राज्य शासन ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं.। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच के अधिकारी पार्थ जायसवाल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी से अब मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा पदस्थ किया गया है।

इसी प्रकार छिंदवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेंद्र नारायण को भोपाल का अपर कलेक्टर बनाया गया है। हरेंद्र नारायण 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### 2 आईएएस अधिकारी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर

नई दिल्ली। भारत सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों को सेंट्रल स्टाफिंग योजना के तहत 5 साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लिया है। 2009 बैच के पंजाब कैडर के द्बस् अधिकारी सुमित कुमार जारंगल को प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड विभाग में डायरेक्टर बनाया गया है। इसी प्रकार 2008 बैच के अधिकारी मोहम्मद जुबेर अली हाशमी को नीति आयोग में डायरेक्टर बनाया गया है। इन दोनों अधिकारियों के आदेश डीओपीटी ने जारी कर दिए हैं।

## गहोई वैश्य समाज मंडल का होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गहोई वैश्य समाज मंडल अयोध्या नगर में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया होली मिलन का यह कार्यक्रम दीप प्रज्वलन कर फूलों की होली एवं चंदन का टीका लगाकर सभी लगभग समाज के 300 परिवारों द्वारा मनाया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों के खेलकूद बच्चों के डांस कविता एवं गीत प्रस्तुत किए गए ,इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों का एवं छात्राओं का सम्मान किया गया। बुजुर्गों एवं जिनके वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं ,ऐसे जोड़ों का भी सम्मान भी किया गया ।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गहोई वैश्य समाज पंचायत भोपाल के अध्यक्ष राकेश कनकने , उमाशंकर लहरिया, देवेंद्र विश्वारी, जी.सी. पहारिया, अमरचंद कठिल, रत्नाकर सेठिया, दिनेश बिलैया, सुशील बेहरे, चंद्रप्रकाश नौंगरैया, दीपक सांवला ,मोर साहब,डी.पी. जलौना ,जेपी विश्वारी, आशीष कंदेले, राकेश नौंगरैया, अशोक बरसैंया, रामकुमार कंदेले आदि समाज के लगभग 600 लोग उपस्थित थे।

## 12 ताप विद्युत इकाइयों ने बनाया सतत बिजली उत्पादन का कीर्तिमान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की 600 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 2 ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 100 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह इकाई एक दिसंबर 2022 से लगातार संचालित हो रही है। इस अवधि में इकाई ने 1124 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन 79.5 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) पर किया। चालू वित्तीय वर्ष में 12 मार्च तक यह इकाई 3396.7 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर चुकी है, जो कि इसके स्थापना काल से अभी तक का सर्वाधिक बिजली उत्पादन है। पावर जनरेटिंग कंपनी की 12 ताप विद्युत इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में सतत विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है।

इकाई क्रमांक-2 अपने स्थापना वर्ष से अभी तक पहली बार 100 दिन सतत् क्रियाशील रही है। इस इकाई से 28 दिसंबर 2014 को वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन प्रारंभ हुआ था। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की 12 ताप विद्युत इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 100 दिन या इससे अधिक दिनों तक सतत क्रियाशील रहने का रिकार्ड बनाया है। इसमें से तीन इकाइयाँ 200 दिन से अधिक सतत क्रि?याशील रही हैं। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 10 (213 दिन) और इकाई क्रमांक 11 (202 दिन) से क्रियाशील हैं। सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 10 एवं 11 गत वर्ष 15 अक्टूबर 2022 से लगातार 148 दिन से सतत क्रियाशील रह कर विद्युत उत्पादन कर रही हैं। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 3 ने 119 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन किया। इस विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 4 ने पूर्व में 130 दिन और इसके बाद 124 दिन तक विद्युत उत्पादन किया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की 600-600 मेगावाट क्षमता की इकाई 1 व 2 ने क्रमश-233 एवं 101 दिनों तक विद्युत उत्पादन किया।

## एम्स में 5वें वार्षिक बाल्य चिकित्सा नेफ्रोलॉजी कॉन्क्लेव और डायलिसिस पर कार्यशाला आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी (आईएसएन) के सहयोगी रीनल केंद्र बाल्य रोग विभाग, एम्स, भोपाल द्वारा बच्चों में गुर्दे की बीमारियों के अत्याधुनिक उपचार पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इंटरनेशनल पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी एसोसिएशन (आईपीएनए) के सहयोग से 5वें वार्षिक बाल्य चिकित्सा नेफ्रोलॉजी कॉन्क्लेव की मेजबानी की गई। इसमें भारत और विदेशों के प्रख्यात पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजिस्ट ने संकाय के रूप में भाग लिया। डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट, आयोजन सचिव और डॉ. शिखा मलिक, कार्यक्रम की अध्यक्षा के प्रयासों से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑफ़लाइन और ऑनलाइन माध्यम से इस सम्मेलन में भाग लिया।

एम्स, भोपाल में प्री-कॉन्क्लेव वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य रूप से बच्चों में एक्यूट किडनी आघात (इंजरी) के निदान और प्रबंधन पर ध्यान दिया गया ताकि एकेआई:आईएसएल जीरो बाई 25 पहल जिसका उद्देश्य वर्ष 2025 तक दुनिया भर में एकेआई से रोकथाम योग्य मृत्यु के मामलों को समाप्त करना है जिसके परिणामस्वरूप रोकथाम योग्य मृत्यु को कम किया जा सके। डॉ. गिरीश भट्ट ने हाल ही के एक मेटा-विश्लेषण के माध्यम से विकसित देशों (11त्) की तुलना में निम्न मध्यम आय वाले देशों (22प्रतिशत) में बच्चों के बीच उच्च मृत्यु दर और जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के शिक्षण और प्रशिक्षण लागू किये जाने की बात पर प्रकाश डाला । प्रो शिखा मलिक ने बाल्य चिकित्सा आईसीयू में भर्ती बच्चों में गुर्दे की गंभीर आघात के उच्च दबाव और एकेआई के शीघ्र निदान के लिए समय रहते ध्यान देने और जागरूकता पर जोर दिया। प्रो शिखा मलिक ने विभाग द्वारा सभी बच्चों को उच्चतम स्तर की देखभाल प्रदान करने के संकल्प को दोहराते हुए बताया गया कि संस्थान के कार्यपालक निदेशक, प्रो अजय सिंह के नेतृत्व में विभाग द्वारा विभिन्न बाल्य चिकित्सा सुपर स्पेशिएलिटी में फेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की योजना है।

### हिंदी कार्यशाला आज

भोपाल। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एम्स, भोपाल में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के कार्यपालक निदेशक, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा आज प्रात: 11.00 बजे एल.टी. 2 में किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहेगें ।कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. (मेजर) मयंक दीक्षित, उप चिकित्सा अधीक्षक, द्वारा नोटिंग ड्रॉफ्टिंग, वित्तीय नियमों एवं शासकीय ख़रीद प्रक्रियाफ़ विषय पर तथा दूसरे सत्र में डॉ. मुद्दा सोफिया, चिकित्सा अधिकारी (योग), एम्स, भोपाल द्वारा वर्तमान जीवन शैली में योग का महत्व विषय पर व्याख्यान होगा ।एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला में संस्थान के प्रत्येक विभाग से कम से कम दो प्रतिभागियों को शामिल करने के निर्देश हैं। कार्यशाला का उद्देश्य संस्थान में हिंदी के काम-काज में वृद्धि एवं संस्थान के कार्मिकों को हिंदी कार्य में आने वाली कठिनाइयों का त्वरित निराकरण करना है।

# नाटू नाटू...क्या भारतीय फिल्मों के सुनहरे संगीत का दौर लौटेगा?

**अजय बोकिल**

बेशक भारतीय सिने जगत के लिए खुशी से नाचने (नाटू नाटू) का यह दुर्लभ अवसर 110 साल बाद आया है, जब हमे दो अलग अलग श्रेणियो में सिनेमा के नोबल पुरस्कार सी प्रतिष्ठा रखने वाले ऑस्कर अवॉर्ड एक साथ मिले। वह भी मौलिक काम के लिए। इस बार तीन श्रेणियों में भारत की प्रविष्टियों को नामांकन मिले थे। 95 वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहला ऑस्कर भाारत को 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्युमेंट्री शॉर्ट फिल्म को मिला। हालांकि भारत की एक और डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म 'ऑल दैट ब्रीथ्स' रेस से बाहर हो गई। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा रही राजमौलि की सुपरहिट फिल्म 'आरआरआर' के महासुपरहिट गाने 'नाटू नाटू' की। उसे बेस्ट ओरिजिनल सांग का अवॉर्ड मिला। जैसे ही इस अवॉर्ड की घोषणा हुई मानो हर भारतीय के पैर खुद ब खुद खुशी से थिरकने लगे। 'नाटू नाटू' मूल तेलुगू गाना है, जिसका हिंदी, अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं में डब किया गया है। लास एंजेल्स के डॉल्बी थियेटर में हो रहे पुरस्कार वितरण समारोह में जैसे ही इस गाने के कंपोजर एम. एम. किरावानी और गीतकार चंद्रबोस ने ऑस्कर की सुनहरी ट्राफी स्वीकार की समूचे देश की रगो में बिजली सी कौंध गई। साथ यह सवाल भी मन में तैरने लगा कि क्या भारतीय फिल्मों के सुनहरे संगीत का वह दौर फिर लौटेगा, जिसमें मेलोडी के साथ सार्थक शब्द और भावों का बेमिसाल तड़का होता था। ये गीत अब हमारी सांस्कृतिक विरासत बन गए है। यह बात इसलिए कि 'नाटू नाटू' भले ही तेज गति का नृत्य गीत हो, लेकिन इसमें सुरीली रिदम, तूफानी गति और सार्थक शब्दों का अनूठा मेल है। इसके बोल दमदार और माटी की महक लिए हुए हैं, ठीक वैसे ही कि जैसे पचास, साठ और सत्तर के दशक के फिल्मी गाने अपने भीतर एक शाश्वत महक को समेटे हुए थे। वो गाने जो लिखे भले ही फिल्म की सिचुएशन पर गए थे, लेकिन उनकी मधुर और सरल धुनो, अलौकिक सुरों और झरने से बहते संगीत ने कदरदानों के कानो को ही नहीं बल्कि आत्मा को तृप्त कर दिया था। यही कारण है कि आज भी वो गीत उतने ही ताजे और संजीवनी लिए महसूस होते हैं।

अमूमन माना जाता है कि ऑस्कर अवॉर्ड बहुत कड़ी प्रतिस्पर्द्धा और परीक्षण के बाद मिलते हैं। इसके लिए नामांकन मिलना ही अपने आप में बड़ी बात होती है। ऐसे में अंतिम दौर में पहुंच कर अवॉर्ड अपने नाम कर लेना कोई सामान्य बात नहीं है। अच्छी बात यह रही कि 'नाटू नाटू' के लिए ऑस्कर लेने स्टेज पर केवल संगीतकार किरवानी और गीतकार चंद्रबोस पहुंचे। इसके निर्देशक और गायकों ने खुद को पीछे रखा (हालांकि गायको ने स्टेज पर लाइव परफार्मेंस दिया)। इससे यह संदेश गया कि फिल्मी गीत मूलतः संगीतकार और गीतकार की कृति है। गायक उसे केवल परफार्म करता है। हालांकि इस पर विवाद भी हो सकता है, क्योंकि कई बार गायक अपनी प्रतिभा से संगीत रचना को इतनी ऊंचाई तक पहुंचा देता है, जिसकी कल्पना संगीतकार भी कम ही कर पाता है।





यह बात इसलिए भी अहम है, क्योंकि आजकल फिल्मी गीतों के नाम पर जो पिज्जा बर्गर टाइप का संगीत हम सुन और देख रहे हैं, उसमें बेमतलब थिरकने, उछलकूद या झूमने से ज्यादा कुछ भी साध्य नहीं है। अब तो साल दो साल पहले के गाने तक रीमिक्स करके लांच करने का चलन है। शब्दो और उनके स्पष्ट उच्चारण का महत्व हाशिए पर चला गया है। यह कमी नाटू नाटू में भी नजर आती है। उसकी रिदम तो समझ आती है,लेकिन शब्द रचना बहुत ध्यान से सुनने पर ही समझ आती है। कई बार लगता है कि आज हिंदी फिल्म संगीत के सुनहरे आकाश को हल्के पंजाबी गीतों ने मानो ढंक लिया है। नई पीढ़ी में कम ही लोग हैं, जो लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार या आशा भोसले की अप्रतिम गायकी और उस जमाने के दर्जनों संगीतकारों के अविस्मरणीय काम को जानते हों, वो लोग जो जाने अनजाने में इतिहास रच रहे थे और भारतीय सुगम संगीत की नई विरासत छोड़कर जा रहे थे।

खास बात यह है कि पूर्व में भी भारत को यदा कदा ऑस्कर अवॉर्ड मिले हैं। लेकिन खरे सोने की तरह शुद्ध भारतीय काम की यह पहली वैश्विक स्वीकृति है। जिन एम.एम. कीरवानी की संगीत रचना को यह अवॉर्ड मिला, उन्हें हिंदी सिने संगीत में कम ही लोग जानते हैं। 1994 में आई हिंदी फिल्म 'क्रिमिनल' का कुमार सानू और अलका याज्ञिक का गाया गाना 'तुम मिले दिल खिले, मुझे जीने को और क्या चाहिए' आज भी लोगों के जेहन में है। उसका संगीत एम.एम.करीम ने दिया था। यह करीम साहब ही नाटू नाटू वाले किरावानी हैं। यह भी दिलचस्प बात है कि भारतीय फिल्मोद्योग और खासकर बॉलीवुड में मुस्लिम कलाकारो ने हिंदू नामों काम किया और शोहरत भी पाई, लेकिन इस तेलुगू संगीतकार ने मुस्लिम नाम से संगीत दिया और अपना अलग मुकाम हासिल किया। इसका अर्थ यह भी है कि कीरावानी साहब के लिए नाम धर्म से ज्यादा अहम काम है। हालांकि कीरावानी का असली नाम तो कोडुरी मर्कटमणि कीरावानी है। लेकिन आरआरआर में भी उन्होंने इस के बजाए एम.एम.कीरावानी के नाम से संगीत दिया है। दक्षिण की फिल्मों के तो वो मशहूर संगीतकार हैं हीं, अब 'नाटू नाटू' के जरिए वो वैश्विक संगीतकार भी हो गए हैं। इसके पहले यह सम्मान संगीतकार ए.आर. रहमान को गीतकार गुलजार के साथ संयुक्त रूप से मिला था। विचित्र बात यह है कि कीरावानी अच्छे संगीत के साथ ज्योतिष में भी अंधश्रद्धा की हद तक आस्था रखते हैं। कहते हैं कि बगैर मुहूर्त के वो गाड़ी से नीचे भी नहीं उतरते।

इस 'नाटू नाटू' गीत के गीतकार चंद्रबोस का पूरा नाम कनुकुंतला सुभाष चंद्र बोस है। लेकिन वो गीत चंद्रबोस के नाम से ही लिखते हैं। वो खुद पार्श्वगायक भी हैं। उनके पास प्रौद्योगिकी की डिग्री है, लेकिन जीवन गीत लेखन और संगीत को समर्पित है। कहते हैं कि नाटू नाटू का मुखड़ा उन्हें कार चलाते हुए सूझा। इस मूल तेलुगू गीत के बोल अर्थ भरे हैं। मसलन हिंदी में इसका अर्थ है' खेतों की धूल में कूदते हुए आक्रामक बैल की तरह तुम नाचो, ढोल जोर से बज रहा है,

बेटा राजू उड़ो और नाचो। खुरदरे जूतों से छड़ी की लड़ाई हो और युवा लड़कों के उस गिरोह की तरह नृत्य करें जो नीचे इकट्ठा हो रहे हों बरगद के पेड़ की छाया मेंज्ऐसे नाचो जैसे कि तुम मिर्च के साथ ज्वार की रोटी खा रहे हो। चलो नाचो, नाचो और नाचो, चलो पागलपन से नाचो।

ऐसे बोल आजकल के फिल्मी गीतों में अपवाद स्वरूप ही सुनने को मिलते हैं। हालांकि बाजार के दबाव के बीच कुछ नए गीतकार अच्छा भी लिख रहे हैं, लेकिन संगीत में सुकून का नितांत अभाव है। हो सकता है कि कुछ लोग आज के फिल्मी गीतो में आधुनिकजीवन की आपाधापी, सतत बेचैनी, सुकून की असमाप्त तलाश, गलाकाट स्पर्द्धा और गहरी अनिश्चितता का दर्शन महसूस करें। लेकिन ऐसे गीतों की खुद की जिंदगी भी पानी के बुलबले की मानिंद होती है। अलबत्ता 'नाटू नाटू' में कुछ ऐसा तत्व है, जो इस गाने को लंबे समय तक जिंदा रखेगा। इस गाने को मूल तेलुगू में गायक राहुल ि?सपलीगंज तथा कीरावानी के बेटे काल भैरव ने गाया है। जबकि इसका हिंदी वर्जन रिया मुखर्जी ने लिखा है और गाया राहुल सिपलीगंज तथा ?विशाल मिश्रा ने है। ऑस्कर अवॉर्ड गाने के तेलुगू वर्जन को ही मिला है। पर्दे पर इस गीत पर जबदस्त डांस तेलुगू अभिनेता रामचरण और एनटीआर जूनियर ने किया है। एनटीआर जूनियर का जन्म 1983 में उनके दादा एनटी रामाराव के आंध्रप्रदेश (अविभाजित) के मुख?यमंत्री बनने के कुछ दिनो बाद ही हुआ था। इसकी कोरियाग्राफी (नृत्य संयोजन) प्रेम रक्षित ने की है। इस नृत्य शूटिंग में 20 दिन लगे। 43 बार रीटेक हुए। वैसे भी भारतीय फिल्मों में दो पुरूष नर्तकों का एकसाथ एक गति और लय में डांस करना अपने आप में अभूतपूर्व है। अमूमन फिल्मो में महिला नर्तको के साथ तो यह होता आया है। 'नाटू नाटू' में तो कई विदेशी सह कलाकार भी हैं। प्रेम रक्षित के अनुसार फिल्म के निर्देशक एस.एस. राजमौलि कुछ अलग और मौलिक चाहते थे। वही उन्होंने करने की कोशिश की और उसे वैश्विक स्वीकृति भी मिली। 'नाटू नाटू' गाना लाजवाब तो है ही, यह उस यूक्रेन देश के लिए अपने आप में शांति और उमंग का संदेश भी लिए है, जो साल भर से रूस के आक्रमण से जूझ रहा है। ऐसा आक्रमण जिसका औचित्य ही नहीं है। सिवाय एक काल्पनिक भय और दबंगई दिखाने के। 'नाटू नाटू' यूक्रेन की राजधानी कीएव के उस भव्य राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि में फिल्माया गया है, जो आज निर्लज्ज सैन्य आक्रामकता के आगे सीना ताने खड़ा है। जब यह गाना शूट हो रहा था, तब यूक्रेन में शांति और सुकून था। रूस और यूक्रेन के बीच जारी यह युद्ध आज विश्व की महाशक्तियों के शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बन चुका है। लेकिन यह युद्ध कभी न कभी तो खत्म होगा। तब वहां के लोग फिर 'नाटू नाटू' गाने के साथ नाचे तो हमे आश्चर्य नहीं होना चाहिए। काश, वो दिन जल्द आए !

## सम्पादकीय

# बढ़ते अपराध..चिंता नहीं चिंतन की जरूरत

आज की ही खबर है, मध्यप्रदेश के दो बड़े शहरों भोपाल और इंदौर में 9 दिसंबर 2021 को पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद अपराध बढ़ गए। भोपाल में दुष्कर्म के मामले 2021 में 330 थे, जिनकी संख्या 2022 में 384 हो गई। वहीं इंदौर में 302 से बढ़कर ये संख्या 365 हो गई। और यह जानकारी गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा विधानसभा में एक सवाल के जवाब में दी गई है। हालांकि इससे यह तय नहीं होता कि नई प्रणाली असफल हो गई, फिर भी अपराधों में वृद्धि के कारणों की तह में तो जाना ही चाहिए।

विधानसभा में मप्र में ऑनलाइन सट्टा जोर-शोर से जारी रहने के बारे में सवाल पूछा गया था, इसमें इंदौर में रोड सेफ्टी को लेकर क्रिकेट टूर्नामेंट का जिक्र है, जिसमें देश और विदेश के खिलाड़ी मौजूद थे। इन खिलाड़ियों की टी शर्ट पर कंपनियों का प्रचार था। क्रिकेटरों के आने-जाने में चार्टर्ड प्लेन वगैरह पर कितना खर्च हुआ? इसके जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि यह जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

अपराधों की बात करें तो प्रदेश के बड़े शहरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में पिछले पांच साल में इंदौर क्राइम में दूसरे नंबर पर है। भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद अपराध बलात्कार, आत्महत्या और हत्या के प्रकरण बढ़े हैंद्ध इंदौर शहर में 2020 से 2021 के बीच 14699 केस हुए, जिनकी संख्या 2021-22 में बढ़कर 15240 हो गई, यानी अपराधों में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, भोपाल में 2020-21 में 18654 केस के मुकाबले 2021-22 में 15516 प्रकरण दर्ज हुए। वैसे देखा जाए तो कुल अपराधों में 16.8 प्रतिशत की कमी आई।

इसके अलावा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के तहत 2015 में एससी के खिलाफ 3656 प्रकरण दर्ज किए थे जो 2022 में बढ़कर 8293 हो गए। इसी अवधि में अनुसूचित जाति की महिलाओं के बलात्कार के केस 456 थे, जो बढ़कर 593 हो गए। अनुसूचित जनजाति के मामलों में 2015 में 5001 प्रकरण दर्ज हुए थे जो बढ़कर 11384 हो गए। इसमें सात सालों में 128 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

अपराधों में वृद्धि केवल भोपाल और इंदौर में ही हुई हो, यह नहीं कह सकते, क्योंकि सामान्य तौर पर अलग-अलग प्रकार के अपराधों में वृद्धि या कमी हर जगह होती रहती है। इस समय सायबर अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा प्रेम संबंधों को लेकर हत्याओं का आंकड़ा भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है। कम से कम इन हत्याओं के मामले में तो सीधे पुलिस को कम जिम्मेदार कहा जा सकता है। जिन मामलों में पहले कभी शिकायत हुई हो और उस पर कार्रवाई नहीं की गई हो, फिर अपराध घटित हो जाए, वहां तो पुलिस की लापरवाही मानी जा सकती है। लेकिन सामान्य तौर पर प्रेम संबंधों को लेकर जिस तरह से अपराध बढ़ रहे हैं, वो हमारे बिखरते सामाजिक तानेबाने का ही प्रमाण है।

भोपाल-इंदौर के बढ़ते अपराधों को लेकर बदली पुलिस प्रणाली पर ही थोपा नहीं जा सकता। हालांकि यह भी सही है कि पुलिस अधिकारियों को इस पर चिंतन और मनन भी करना चाहिए। अपराधों के तरीकों को लेकर कहीं न कहीं गंभीर अध्ययन और शोध की जरूरत है। सबसे खतरनाक मामले सायबर और प्रेम संबंधों से ही जुड़े सामने आ रहे हैं और इनमें वृद्धि वास्तव में चिंताजनक है। सायबर अपराधों के लिए पुलिस ने अलग से सेल गठित कर दी है, लगातार विशेषज्ञता हासिल करने की कोशिशें भी चल रही हैं, लेकिन इससे इतर अपराधों के तरीके लगातार बदलते जा रहे हैं। सो इस क्षेत्र में व्यापक जानकारियों और विशेषज्ञता की जरूरत होगी।

प्रेम संबंधों को लेकर बढ़ रहे अपराध हों या फिर यौन शोषण के बढ़ते मामले, इनके लिए निश्चित तौर पर हमारा समाज ही ज्यादा जिम्मेदार है। हमारी सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में परिवर्तन की हमें चिंता होना चाहिए। हर क्षेत्र में गिरते मूल्यों की बात होना चाहिए। हमें यह भी सोचना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी को क्या देकर जाएंगे? अपराधों की एक दुनिया, जिसमें उस पीढ़ी की भी भागीदारी होगी? क्या शिक्षा का उपयोग कम, दुरुपयोग अधिक होगा? क्या इसके लिए हमें कोई सामाजिक पहल नहीं करनी होगी?

देखा जाए तो सबसे चिंताजनक पहलू हमारे घटते नहीं, समाप्त होते सामाजिक मूल्य ही हैं। इसके लिए पुलिस से लेकर सभी को पहल करनी होगी। कहीं न कहीं संवाद और कार्यशालाओं के औपचारिक आयोजनों से इतर, यथार्थ की जमीन पर उतरने की आवश्यकता है। सुधार, नई नहीं, पुरानी पीढ़ी को पहले स्वयं में करना होगा। हम स्वयं से प्रारंभ करें, तभी कुछ होगा। और सख्त कानूनों से यदि समाज सुधर रहा होता, तो आज अराजक हालात कतई नहीं होते।

# राज-काजः भाजपा के निशाने पर कमलनाथ का छिंदवाड़ा

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

भाजपा के निशाने पर इस बार कमलनाथ का गढ़ छिंदवाड़ा है। यह ही





ऐसा गढ़ था, जिसे भाजपा पिछले चुनाव में नहीं भेद पाई थी। दिग्विजय सिंह भोपाल में हारे थे और ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी परंपरागत गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट नहीं बचा पाए थे। ऐसी मोदी लहर के बीच कमलनाथ का छिंदवाड़ा अभेद्य बना रहा।

इस लोकसभा के तहत आने वाली लगभग सभी विधानसभा सीटें भी कांग्रेस ने ही जीती थीं। भाजपा नेतृत्व इस बार इसे ध्वस्त करने की तैयारी में है। इस सीट की जवाबदारी सरकार के कट्टर हिंदू चेहरे केंद्रीय मंत्री गिरिराज किशोर के कंधों पर है। वे छिंदवाड़ा का दौरा करते रहते हैं। प्रदेश सरकार ने अपने कृषि मंत्री कमल पटेल को यहां का प्रभार दे रखा है।

अब भाजपा के सबसे बड़े रणनीतिकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 मार्च को छिंदवाड़ा आ रहे हैं। वे यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे और पार्टी की बैठक भी लेंगे। साफ है शाह का दौरा इस साल प्रस्तावित विधानसभा एवं अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर ही हो रहा है। शाह के दौरे की तैयारी को लेकर छिंदवाड़ा क्षेत्र के कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों की बैठक मुख्यमंत्री निवास में हो चुकी है। शाह का यह छिंदवाड़ा दौरा कितना कारगर होता है वक्त बताएगा। इस दौरान वे संभावित प्रत्याशियों की टोट भी ले सकते हैं।

**रस्म अदायगी बन गया मंत्रियों को चमकाना**

जैसा हमेशा होता है, वही भाजपा के प्रभारियों द्वारा पिछले दिनों ली गई मंत्रियों की बैठक में फिर हुआ। बैठक में भाजपा के तीन शीर्ष प्रभारी अजय जामवाल, शिवप्रकाश और मुरलीधर मौजूद थे। इस बार भी मंत्रियों से रटी-रटाई बात कही गई। मैदानी रिपोर्ट ठीक नहीं है। क्षेत्र का ज्यादा से ज्यादा दौरा करें। गांवों में रुकें, प्रवास करें और चौपाल लगाएं। भाजपा कार्यालय में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलें। खबरों में रहने वाला और राजनीति से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है कि भाजपा की बैठक में इस तरह मंत्रियों को पहली बार नहीं चमकाया गया।

बैठक से बाहर निकलते हुए एक मंत्री से जब पूछा गया कि अंदर क्या हुआ, जवाब था- कुछ नहीं रुटीन बैठक थी, जो हर बार होता है, वही इस बार हुआ। अर्थात भाजपा के प्रभारियों के निर्देशों का उनकी सेहत पर काई असर नहीं था। साफ है कि मंत्री भी ऐसी बैठकों को रस्म अदायगी मान रहे हैं। भाजपा के प्रभारियों की फटकार का उन पर कोई असर नहीं हो रहा। दूसरी तरफ भाजपा चिंतित है। पार्टी और संघ की रिपोर्ट में भाजपा की स्थिति 230 में से 100 सीटों में भी अच्छी नहीं बताई जा रही है। इससे उबरने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और संगठन जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। लेकिन सरकार के मंत्री और विधायक सुधरने तयार नहीं है। यही पार्टी के लिए चिंता का कारण है।

**क्या शिवपुरी-गुना से चुनाव लड़ेंगे ज्योतिरादित्य**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने पिता कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के जन्म दिन पर शुक्रवार को शिवपुरी में शक्ति प्रदर्शन किया। सवाल पैदा होने लगा कि क्या वे अगला चुनाव फिर शिवपुरी-गुना लोकसभा क्षेत्र से लड़ेंगे? पिछली बार कांग्रेस से चुनाव लड़े सिंधिया को उनके ही निज



सचिव केपी यादव ने भाजपा के टिकट पर शिकस्त दे दी थी। अब सिंधिया भाजपा से राज्यसभा सदस्य हैं। सिंधिया और केपी यादव के बीच पटरी नहीं बैठ रही है।

दोनों के समर्थक आमने-सामने रहते हैं। भाजपा सिंधिया और केपी यादव में से किसे चुनती है, यह बड़ा सवाल है। हालांकि टकराव की यह स्थिति पूरे चंबल-ग्वालियर अंचल में है। सिंधिया को ग्वालियर से चुनाव लड़ाने की योजना भी है, लेकिन ग्वालियर में जिस तरह कांग्रेस महापौर का चुनाव जीती, इससे सिंधया सशंकित हैं। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने का कोई फर्क नहीं पड़ा। भाजपा का एक वर्ग भी सिंधिया को पसंद नहीं करता, क्योंकि अंचल की अधिकांश सीटों पर उनके समर्थक दावेदार हैं। पुराने भाइपाईयों को अपने टिकट कटने का खतरा है। सिंधिया भाजपा पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं। वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जय विलास पैलेस भोजन करने और ठहराने ले जा चुके हैं। फिलहाल, इस अंचल की राजनीति रोचक मोड़ पर है।

**वीडी के घर शिवराज**

होली का सूत्र वाक्य है 'बुरा न मानो होली है'। फिर भी बुरा लगने वाले कई घटनाक्रम हो जाते हैं। भोपाल में होली के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस में होली मिलन कार्यक्रम रखा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने अपने बंगले में। चौहान सरकार के मुखिया हैं और वीडी संगठन के। दोनों स्थानों पर होली मिलन की व्यापक तैयारी की गई थी। भाजपा के तमाम नेता और मंत्री मुख्यमंत्री निवास पहुंचे, लेकिन वीडी शर्मा के कार्यक्रम में नहीं। कम से कम संगठन के लोगों को तो शर्मा के



कार्यक्रम में पहुंचना चाहिए था।

कुछ कहें भले न लेकिन यह शर्मा और उनके समर्थकों के लिए बुरा लगने वाली बात थी। मुख्यमंत्री चौहान हालात भापने में माहिर हैं। वे मसले की नजाकत को समझ गए और अगले ही दिन वीडी शर्मा के घर होली मिलने पहुंच गए। मुख्यमंत्री चौहान का वीडी के घर आत्मीय स्वागत हुआ। होली मिलन कार्यक्रम के तहत तिलक लगा, गुजिया और अन्य पकवान का लुत्फ उठाया गया। वीडी शर्मा ने मुख्यमंत्री के पहुंचने पर खुशी जाहिर की। हालांकि होली जैसे पर्व पर ऐसी बातों का बुरा नहीं मानना चाहिए। मुख्यमंत्री प्रदेश के मुखिया हैं। स्वाभाविक तौर पर वहां जाने वालों की तादाद ज्यादा होगी। मुख्यमंत्री ने वीडी के घर जाकर यह कमी पूरी कर दी। इससे अच्छा डैमेज कंट्रोल और क्या हो सकता है।

**भार्गव ने पूरा किया असंभव दिखने वाला संकल्प**

भाजपा के कद्दावर नेता एवं प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव क्षेत्र में अजेय रहने के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी 'दाद' देने लायक काम कर रहे हैं। वे संभवतः देश के पहले ऐसे नेता हैं जो एक ही विधानसभा क्षेत्र से 18 हजार से अधिक कन्याओं की शादियां कराने का रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड बुक में पिछले साल ही दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने संकल्प ले लिया था कि अब वे 21 हजार कन्याओं का विवाह कराएंगे। एक ही विधानसभा क्षेत्र से इतनी गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह, वह भी एक नेता के प्रयास से, है न असंभव।

लेकिन 11 मार्च को भार्गव ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में यह संकल्प भी पूरा कर दिखाया। यह करिश्मा भार्गव के गृह नगर गढ़ाकोटा में हुआ, जहां एक मंडप के नीचे सभी जातियों की 2100 बच्चियों के विवाह हुए। इसके साथ अब तक हुई शादियों का आंकड़ा 21 हजार तक जा पहुंचा। इस मसले पर गोपाल भार्गव का कहना था कि उन्हें रिकार्ड से ज्यादा संकल्प के पूरा होने की खुशी है। इतनी कन्याओं के विवाह के लिए भार्गव के समर्पण और संघर्ष को वही समझ सकता है, जिसने कभी एक कन्या का विवाह किया है। भार्गव का यह संकल्प आरएसएस की भावना को भी प्रतिबिंबित करता है, जिसमें एक पाठशाला, एक कुआं और एक मंडप की बात की जाती है।

# 'निष्ठा' के सताए 'नाथ' की जनसमुद्र से 'निष्ठा' की अपेक्षा

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

राजभवन घेराव-पैदल मार्च में प्रदेश भर से उमड़े जनसैलाब ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को संजीवनी देने का काम किया है। पर इस जनसमुद्र को देखकर नाथ के मन की टीस भी उजागर हो गई कि यदि कथित अपनों की निष्ठा कायम रहती, तो शायद राजभवन घेराव-पैदल मार्च की नौबत ही नहीं आती। यदि राजभवन के प्रति असंतोष जताना भी पड़ता तो तरीके कुछ और होते। वाटर केनन जैसे पुलिस के तरीकों से रूबरू न होना पड़ता। अपनों की निष्ठा से कमलनाथ इतने आहत हैं कि पैदल मार्च में जनसमुद्र को देखकर उन्होंने सबसे ज्यादा अपेक्षा यही जताई कि फ्रनिष्ठाफ्र कायम रखना, तभी कांग्रेस का सपना साकार होने की उम्मीद की जा सकती है। जो नहीं कहा, वह यही कि यदि अपने निष्ठा कायम न रख पाएं तो बनी हुई सरकार भी भरभराकर गिर जाती है और सब कुछ सामने होता देख भी कुछ नहीं कर पाते। इसीलिए कमलनाथ ने कांग्रेसजनों को चेताया भी है कि अगले 6 महीने कार्यकर्ताओं की निष्ठा की सबसे बड़ी परीक्षा है। कमलनाथ ने निष्ठा पर बल दिया। घेराव-पैदल मार्च का नेतृत्व करते हुये प्रदेश भर से आये नेतागणों, कांग्रेसजनो की निष्ठा की तारीफ भी की। नाथ के शब्दों पर ध्यान दें तो जिन्होंने 18-20 साल तक कांग्रेस का झंडा उठाया, उनकी निष्ठा उन्हें यहां खींचकर लायी है, जिन्होंने मुझे बल और शक्ति दी। यहां कोई पुरस्कार नहीं मिल रहा, कोई ठेका नहीं मिल रहा, कोई कमीशन नहीं मिल रही, यह तो आपकी निष्ठा है जो आपको यहां पर खींच कर लाई है, और सबसे बड़ी परीक्षा अगले छह महीनों में आपकी निष्ठा की है।

हालांकि चुनावी साल में दलों के आयोजन में जुटी भीड़ राजनेताओं को खुशी का सबब तो बनती ही है, क्योंकि भीड़ कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने का काम करती है। और यदि कार्यकर्ता उत्साहित हैं तो फिर नेतृत्व करने वाले शीर्ष नेताओं का उद्देश्य पूरा हो जाता है। कांग्रेस के राजभवन घेराव का भी यही मकसद था और कांग्रेस के सभी जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने जुटकर इसकी पूर्ति भी की है। इस भीड़ को कांग्रेस जनसमुद्र के रूप में प्रचारित कर सरकार को आइना दिखाने की कोशिश कर रही है। पर इस जनसमुद्र में से कितनी विधानसभाओं में कांग्रेस को जीत रूपी मनके मिल पाते हैं, यह बात सबसे खास है। फिर भी मानवीय स्वभाव के मुताबिक जनसमुद्र की खुशी संतुष्टि तो देती ही है, सो दे भी रही है। कांग्रेस नेताओं के दिलों में खुशी समा नहीं रही है। नाथ ने अपील की है कि कांग्रेसजन छाती ठोक कर जनता से कहें कि हमने 15 महीने में अपनी नीति और नियत का परिचय दिया है। हालांकि जनता की इस पर प्रतिक्रिया कांग्रेस की खुशी को बढ़ाने वाली ही हो, यह जरूरी नहीं है।

खैर बजट सत्र में कांग्रेस का यह प्रदर्शन चुनावी साल में खास मायने रखता है। सरकार के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि यही है कि उस पर जन को राजधानी तक पहुंचने से रोकने के आरोप नहीं लगे। अब निष्ठा पर तो किसी का वश नहीं है। पर नाथ की अपील जन के मन तक पहुंच कर घर कर गई तो यह राजभवन घेराव-पैदल मार्च की कांग्रेस की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। 'निष्ठा' के सताए 'नाथ' की जनसमुद्र से 'निष्ठा' की अपेक्षा बेमानी नहीं है ज क्योंकि गैरनिष्ठावान हुए अपनों की वजह से पंद्रह माह में बेताज होकर सबसे ज्यादा दर्द नाथ ने ही भोगा है!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## राजभवन घेराव किए जाने के मामले में आदिवासी नेता रामू टेकाम भोपाल में गिरफ्तार



बैतुल - पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर मध्य प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा राजधानी भोपाल पहुंचकर राजभवन का घेराव करने पहुचें थे ।जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा के आह्वान पर भैसदेही विधान सभा जिला बैतूल के आदिवासी कांग्रेस नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रदेश कांग्रेस महासचिव अधिवक्ता रामू टेकाम अपने सैकड़ो समर्थको के साथ आयोजन के समर्थन मे पहुंचे थे। पुलिस के द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इस मामले मे उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार की विफलताओ अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ राजभवन का घेराव करने प्रदेश से हजारो कार्यकर्ता पहुंचे थे शिवराज सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर वाटर चलाया गया कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज भी करी गई वरिष्ठ नेताओ और एक सैकड़ा से अधिक। कांग्रेस कार्यकर्ताओ को सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन के द्वारा हिरासत मे लिया गया था। जिसका विरोध मे आगे आकर उपभोक्ता संरक्षण कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सहित दोनो के द्वारा भोपाल पुलिस प्रशासन को अपनी गिरफ्तारी दी है।

## लापता बाघिन मिली,शिवपुरी के लिए रवाना

शिवपुरी - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा 10 मार्च को दो बाघों को शिवपुरी के जंगल में छोड़ा गया था जबकि पहले तीन टाइगर को छोड़े जाने की सूचना थी। किंतु पन्ना से लाई जाने वाली एक बाघिन अंतिम समय पर चकमा देकर फरार हो गई थी। इसे लेकर वन विभाग की टीम लगातार पन्ना में इसे खोजती रही। बाद में यह बाघिन घायल अवस्था में मिली थी। जिसके चलते इसका ?इलाज कराकर पूर्ण स्वस्थ होने के बाद शिवपुरी के लिए रवाना हो गई है। सूत्रों के अनुसार उक्त मादा बाघ की उम्र लगभग 2 बर्ष है जो काफी चंचल स्वभाव की है। इसे लेकर टीम शिवपुरी के लिए रवाना हो गई है एवं जल्द ही शिवपुरी आने की संभावना है। इसे तीसरे बाड़े में छोड़ा जाना है। जिसे लेकर अब शिवपुरी में माधव राष्ट्रीय उद्यान के कर्मचारी तैयारी में जुट गए है।

## महिलाओं के समग्र ई-केवायसी 25 मार्च से पूर्व करें: कलेक्टर

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर संदीप जीआर ने सोमवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियांवयन एवं पूर्व तैयारी के संबंध में जिले में लगाए जा रहे ई-केवायसी शिवरों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम कर्री और बड़ामलहरा में शिविर का निरीक्षण करने के दौरान निर्देशित किया कि सभी महिलाओं का समग्र आईडी से आधार लिंक करने के लिए ई-केवायसी करने में तेजी लाएं तथा जिनका समग्र नहीं है उनका रजिस्ट्रेशन करें और समग्र व आधार में डेटा मिलान नहीं होने पर उसके सुधार करने के संबंध में तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री जीआर ने जिले में बनाए गए मॉनिटरिंग एवं पात्र और अपात्र महिलाओं को चिन्हित करने नोडल अधिकारियों को भी निर्देश दिए है कि शिविरों और सीएससी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करते हुए 25 मार्च से पूर्व सभी महिलाओं के ई-केवायसी कराएं। साथ ही योजना के संबंध में पात्रता और अपात्रता की जानकारी दें। जिससे महिलाओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें। आवेदन करने के लिए महिलाओं का स्वयं का बैंक खाता आधार, डीबीटी सहित और मोबाइल नम्बर से लिंक रहे। अगर नहीं है तो संबंधित महिला को बैंक जाकर ई-केवाससी कराने की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र महिला की ई-केवायसी होना बांकी नहीं रहे।

## आरईएस में उपयंत्री बनी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा



छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा एकता तिवारी का ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में उपयंत्री के पद पर चयन हुआ है। इंजीनियरिंग कॉलेज में अध्ययनरत सिविल ब्रांच की छात्रा एकता ने मप्र शासन के आरईएस विभाग में चयन होने के उपरांत अपने अध्ययन संस्थान पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में पहुंचकर प्रबंधन को जानकारी दी तो संस्थान के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देकर मुंह मीठा कराया। संस्थान के डायरेक्टर अशोक दीक्षित, सचिव श्रीमती सरोज जैन, प्राचार्य डॉ. जे. सोनी के साथ ही टीपीओ अतीब सर ने एकता तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उपयंत्री पद पर चयनित एकता तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के प्राध्यापकों को देते हुए कहा कि छतरपुर एक छोटा शहर होने के बावजूद यहां का एकमात्र निजी इंजीनियरिंग कॉलेज तकनीकि शिक्षा लेने की इच्छा रखने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए बेहद सुविधाजनक है। महानगरों में ज्यादा खर्च और दूषित संस्कृति के प्रभाव से हटकर छतरपुर में ही अपने घर रहकर बच्चे तकनीकि शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# बीस वर्षों में भी खेड़ी हाई स्कूल को प्लस टू नहीं कर पाई भाजपा सरकार: निलय डागा

योगेश गुप्ता बैतूल। विकास की झूठी कहानी गढ़ने वाली भाजपा सरकार बीस वर्षों में भी हाई स्कूल खेड़ी सावलीगढ़ को हायर सेकेंडरी में उन्नयन नही कर पाई। भाजपा सकार की नाकामी की सज़ा हाई स्कूल खेडी, गौंडीगोला, माथनी, सूरगांव, भरकावाडी, बघोली, मण्डखुर्द एवं सोहागपुर स्कूल के हजारों विद्यार्थी भुगत रहे हैं। यह बात सोमवार को कांग्रेस विधायक निलय डागा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में व्यक्त की। दरअसल, विधायक ने इन स्कूलों को प्लस टू में उन्नयन करने को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाया था, जिसके जवाब में शिक्षा मंत्री द्वारा उन्नयन में कठिनाई होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया गया।

विधायक श्री डागा ने बताया कि 5 जुलाई 1997 को पूर्व विधायक व मंत्री डॉ अशोक साबले के प्रयास से खेड़ी को हाई स्कूल की सौगात मिली थी। वर्ष 2000 में तत्कालीन विधायक स्व. विनोद डागा द्वारा हाई स्कूल भवन का निर्माण कराया गया था। उसके बाद भाजपा की सरकार आने के बाद लगातार प्रयास करने के बावजूद खेड़ी हाई स्कूल प्लस टू में उन्नयन नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के निष्क्रिय जनप्रतिनिधियों ने 18 वर्ष सत्ता में रहते हुए भी ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

**छात्र छात्राओं को होती है परेशानी :** ग्रामीणों की माने तो स्कूल उन्नयन की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग सहित अन्य को भी अवगत कराया गया है। बावजूद अभी तक कोई ठोस पहल न होने से लोगों में निराशा बढ़ रही है। हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन न होने से छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अभी तक उन्नयन कराने जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे स्थानीय ग्रामीणों सहित आसपास के ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द ही इस ओर ठोस पहल करने की मांग की है।



**विधायक ने विधानसभा में लगाया यह प्रश्न :** निलय विनोद डागा ‒ क्या राज्य मंत्री, स्कूल शिक्षा महोदय यह बताने की कृप करेंगे कि (क) वर्ष 2019 से आज दिनांक तक बैतूल विधानसभा क्षेत्र में कितने माध्यमिक एवं हाई स्कूलों का उन्नयन किया गया? स्कूलों की सूची एवं शालाओं के उन्नयन की नियमावाली उपलब्ध करावें। (ख) प्रश्नांश (क) अनुसार यदि नहीं, किए गए तो क्या कारण रहा? स्कूलों के उन्नयन न होने के कारण कितने बच्चों को दूरस्थ स्कूलों में जाना पड़ा? उसका जिम्मेदार कौन है? (ग) वर्ष 2022-23 या भविष्य में क्या शासन हाई स्कूल खेडी, गौंडीगोला, माथनी, सूरगांव, भरकावाडी, बघोली, मण्डखुर्द एवं सोहागपुर स्कूलों का उन्नयन करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? प्रस्तावित माध्य./हाई स्कूल उन्नयन स्कूलों की सूची उपलब्ध कराएं। जिससे स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अपने गांव से दूर-दराज स्कूलों में न जाना पड़े।

**शिक्षा मंत्री का जवाब:** राज्य मंत्री, स्कूल शिक्षा ( इन्दर सिंह परमार ) ‒ (क) जानकारी निरंक है। शालाओं के उन्नयन के मापदण्ड संलग्न परिशिष्ट अनुसार है। (ख) मंत्रि-परिषद् के निर्णय दिनांक 22.06.2021 के अनुक्रम में विभागीय आदेश क्रमांक एफ 44-2/2021/20-2 दिनांक 12 जुलाई 2021 द्वारा निर्देश जारी किये गये है कि प्रदेश के 9200 विद्यालयों को ÷सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालयों÷ के रूप में विकसित किया जायेगा एवं इसके अतिरिक्त अन्य कोई नया विद्यालय आरंभ नहीं किया जायेगा । उक्त आदेश के परिपालन में वर्तमान में शाला उन्नयन संबंधी कार्यवाही स्थगित है। निकटस्थ शालाओं में अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है। अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता । (ग) प्रश्नांश में प्रस्तावित समस्त हाईस्कूल उन्नयन के मापदण्ड की पूर्ति नहीं करती है अतः उन्नयन में कठिनाई है

## महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

नैनपुर शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर के भोज अध्ययन केन्द्र में म.प्र.भोज मुक्त विश्विद्यालय भोपाल के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति के अंतर्गत दीक्षारभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीक्षारभ कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई के यादव के मार्गदर्शन और समन्वयक प्रो. रविन चौहान के निर्देशन में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ.प्रियंका चक्रवर्ती द्वारा छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति के तहत मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल विषय और फील्ड प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। समन्वयक प्रो. रविन चौहान द्वारा छात्र छात्राओं को भोज की वेबसाइट से सिलेबस, ऑडियो और वीडियो लैक्चर कैसे देख सकते है बताया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय परिवार से डॉ.जी सी मेश्राम, प्रो. मुकेश बघेल, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. आर एस धुर्वे और महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ और भोज अध्ययन केन्द्र के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सफाई मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न

ओबैदुल्लागंज संवाददाता.. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत स्वच्छता की पाठशाला के तहत एक दिवसीय सफाई मित्रों को प्रशिक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं सम्मान का आयोजन किया गया प्रशिक्षण में वक्त के रूप में अभिनव संस्था के हरीश गोहिया के द्वारा सफाई मित्रों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को लेकर चर्चा करते हुए कहा की स्वच्छता को हम सभी को अपनी आदत में लाना होगा हर घर घर कचरा पृथकीकरण हो यह हम सभी को सुनिश्चित करना सर्वेक्षण के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन जिसमे सफाई मित्रो का क्षमता वर्धन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया वीडियो दिखा कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गाइड लाइन ओर स्वच्छता क्षमता वर्धन के वीडियो दिखा कर प्रेरित किया गया कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे ने कहा कि हम सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों में लगना होगा विगत वर्ष नगर को स्वच्छता में जो पुरुष्कार मिला वो सभी सफाई मित्रों के अथक प्रयास है नगर के प्रत्येक नागरिक का पुरुकार है पुनः उसी जोश इर उत्साह के साथ इस वर्ष भी हमें सर्वेक्षण की तैयारियों में लगना है और नगर को स्वच्छता में शिखर में लेकर जाना है सभी वार्ड वासियों को भी समझाना है जैसे हम अपने घर को साफ स्वच्छ रखते है वैसे ही हमे सभी को शहर की अपना घर मान कर अपने शहर की स्वच्छता का ध्यान रखना होगा यदि ऐसा नगर के प्रत्येक व्यक्ति ने शौच लिया तो हमारा नगर स्वच्छ और सुंदर होगा इसको लेकर अभियान चलाए जाने की बात कही साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा ,ब्लॉक मेडिकल अधिकारी श्रीमती अमृता जीवने मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल वार्ड पार्षद सुनील सेरिया, श्रीमती राधा राजेन्द्र साहू , सना अमीर ममनून श्री सुजीत यादव श्रीमती हेमलता मनोज चौरसिया सहित सभी पार्षदों ने भी अपने भी सफाई मित्रो को प्रेरित करते हुए अपने विचार रखे सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित कर सभी की स्वास्थ्य की जाँच की गई कार्यक्रम के अंत के स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने बाले सफाई मित्रों स्वच्छता सहयोगियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मनोज चौरसिया नरेश सेठी राजेन्द्र साहू अखिलेश घावरी सचिन यादव अभिनव संस्था के कृष्णकांत राठौर अनुज सोनी आदि उपस्थित रहे



# मानकों के अनुरूप की जा रही है बाजार बैठक वसूली : सीएमओ

### अवैधबैठक वसूली के विरूद्ध की जाएगी वैधानिक कार्यवाही

शिवपुरी- नगर पालिका परिषद के द्वारा बाजार में निर्धारित नपा के मानकों के अनुरूप ही बाजार बैठक वसूली की जा रही है बाबजूद इसके यदि कोई गलत तरीकों से वसूली करता पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह कहना है कि नगर पालिका सीएमओ डॉ.केशव सगर का जिन्हें सूचनाऐं मिली कि नपा की बाजार बैठक वसूली में मनमानी और अवैध रूप से फर्जी रसीदों के आधार पर वसूली की जा रही है। इसे लेकर नपा सीएमओ श्री सगर ने ऐसे सभी अवैध वसूली करने वालों को सख्त शब्दों में चेतावनी दी है कि नपा के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बाजार में बैठक वसूली की जावे अन्यथा ऐसा कोई व्यक्ति जो नपा की फर्जी रसीद लेकर बाजार में बैठक वूसली करता पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

नपा के द्वारा यह जांच भी की जा रही है कि जहां जहां से बाजार बैठक वसूली की जा रही है वह निर्धारित राशि अनुरूप हो रही है कि नहीं अथवा ऐसा करने वालों को चिह्नित किया जाएगा। नपा सीएमओ डॉ.केशव सगर ने बताया कि अपने हितों को साधने वाले सावधान हो जाए, वह नपा के नाम पर अपने स्वार्थो को पूर्ण करने की मंशा ना पालें, नपा के द्वारा इस बाजार बैठक वसूली के नाम पर अवैध रूप से उगाही करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है और गलत साबित होने पर तत्काल पुलिस में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

विदित हो कि कुछ समय से बाजार बैठक वसूली को लेकर नपा पर उंगली उठ रही है जहां मनमजी और बढ़ाए हुए शुल्क के माध्यम से बाजार में वसूली की जा रही है जिसमें कई जगह तो फर्जी नपा की रसीदों के नाम पर वसूली को लेकर सोशल मीडिया पर भी खबरें तक फैली है इसे लेकर अब नपा सीएमओ डॉ.केशव सगर ने ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

# जिला कार्यालय में बूथ विस्तारक 2.0 के लिए वॉर रूम का हुआ शुभारंभ

### हर बूथ पर होगी जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा की नजर



रायसेन 7 भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में बूथ विस्तारक अभियान 2.0 की शुरुआत की जा रही है। अभियान 14 मार्च से 24 मार्च तक बुथस्तर तक चलाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर रमानी पूर्व जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय मे बूथ विस्तारक 2.0 को आगे गति देने के लिए वॉर रूम का शुभारम्भ किया गया 7 इस बार रूम से चारो विधानसभा मंडल शक्ति केंद्रों की स्थाई रूप से पूर्व प्रबंधक के जिला प्रभारी जिला महामंत्री रामकुमार साहु बार रूम में बैठकर मॉनिटरिंग करेंगे 7 रायसेन जिले के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहां की बूथ विस्तारक 2 अभियान और बूथ की और चलो अभियान के दौरान कैबिनेट मंत्री,विधायक वरिष्ठ नेता, मंडल पदाधिकारी आदि सभी बूथों पर रहेंगे और बूथ पर बैठक करेंगे । 10 दिनों तक जिले के सभी शक्ति केंद्रों पर विस्तारक मौजूद रहेंगे और जो 22 प्रकार के काम पार्टी संगठन ने तय किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ विस्तारक अभियान-2 में बूथ समिति की समीक्षा एवं गठन कर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति बनाई जायेंगी। हितग्राहियों से संपर्क और पार्टी की पन्ना समिति से जोडने का काम भी करेंगे। प्रत्येक बूथ पर की वोटर्स का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। हर बूथ पर एक हितग्राही, महिला, युवा प्रमुख की नियुक्ति की जाएगी। महिलाओं को आगे लाने के लिए पन्ना समिति में 33 प्रतिशत महिलाओं को जोड़ना, यह हमारे अभियान में शामिल है। जिले के हर बूथ पर बार रूम से नजर रखी जाएगी और प्रतिदिन मॉनिटरिंग रिपोर्टिंग की जाएगी 7 समस्त कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझकर पूर्ण निष्ठा और समर्थन के साथ पार्टी के कार्यो को आगे बढ़ावे।

**ये लोग रहे मौजूदः** भाजपा कार्यालय मे वॉर रूम का शुभारम्भ पर रामकुमार साहु जिला महामंत्री , धीरेन्द्र कुशवाह , भूपेंद्र वर्मा, आदित्य शर्मा मंडल अध्यक्ष, हल्ला महाराज , लखन चक्रवर्ती ,जीतू ठाकुर जिला सह कार्यालय मंत्री , मनीष पलेया, प्रशांत एवं भारतीय कार्यकर्ता जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे 7

# शांति सद्भाव बिगाड़ने असामाजिक तत्वों ने की युवक से मारपीट ,दिया धरना

### एसडीओपी की संवेदनशीलता से शांत हुआ मामला ,6 आरोपी हुए गिरफ्तार

बरेली 7 सद्भावना और सौहार्द का वातावरण का संदेश देने वाली बरेली है जहां सभी वर्ग विशेष के लोग समरसता की भावना से एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करते हैं लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस सद्भावना और सौहार्द शांति की कड़ी को तोड़ने का काम करते हैं 7 रंग पंचमी त्यौहार शहर में हर्षोल्लास के साथ मना जिसमें एक दूसरे को रोरी लगाकर शुभकामनाएं दी त्यौहार की दृष्टि से रायसेन पुलिस अधीक्षक एसपी विकास कुमार साहवाल एवं एडिशनल एसपी अमृत मीणा के निर्देश पर एसडीओपी राजीव जंगले के नेतृत्व में थाना प्रभारी आशीष सप्रे सहित पूरा बरेली पुलिस अमला हर मूवमेंट पर नजर के साथ मुस्तैद था दिन भर त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मना तो वहीं देर शाम कुछ असामाजिक तत्वों ने शहर का वातावरण सद्भावना और सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए एक युवक के साथ लाठी-डंडों के साथ जमकर मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया लेकिन फिर बरेली के नगर वासियों ने सद्भावना और समरसता का संदेश देते हुए शांतिप्रिय ढंग से घटना के विरोध में बरेली थाने में सैकड़ों लोगों ने धरना देकर एसडीओपी राजीव जंगले से शहर का वातावरण बिगाड़ने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की बात की सबसे संवेदनशील अनुविभाग की बागडोर संभाल रहे एसडीओपी राजीव जंगले की संवेदनशीलता से धरना प्रदर्शन खत्म हुआ और बड़ा मामला शांत हुआ एसडीओपी ने नगरवासियों को आश्वासन दिया कि बरेली हमेशा एकता का संदेश देती है पूर्व वर्षों से मैं बरेली में पदस्थ हूं और यहां सभी लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं और हर त्यौहार पर पुलिस और प्रशासन का आगे आकर सहयोग करते हैं लेकिन ऐसे लोग जो माहौल बिगाड़ना चाहते हैं ऐसे असामाजिक तत्वों को किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा तत्काल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है



विवेचना के आधार पर धाराओं में भी इजाफा किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई होगी वही एसडीओपी राजीव जंगले ने थाने में मौजूद नगरवासियों को आश्वासन एवं भरोसा दिया कि किसी भी प्रकार से बरेली की शांति और माहौल बिगड़ने नहीं देंगे पुलिस आपको विश्वास दिलाती है हर परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है पूरी मुस्तैदी के साथ हर मूवमेंट पर पुलिस की नजर है आगामी त्यौहार भी शांति और सौहार्द के साथ मानाए जाएंगे।

### इनका कहना है -

घटना के विरोध में नगरवासियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और विवेचना जारी है बरेली नगर की कभी भी शांति नहीं बिगड़ने देंगे पुलिस की हर मूमेंट पर नजर है माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी तरह बख्शा नहीं जाएगा 7

**राजीव जंगले, एसडीओपी बरेली**

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में हुआ एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान का आयोजन

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में एक दिवसीय व्?यक्ति?व विकास (पर्सनालिटी डेवलपमेंट) पर व्?याख?यान का आयोजन किया गया। व्?यक्ति?व विकास व्?याख?यान के मुख?य वक?ता श्री शिवम तिवारी ने अपने वक?तव?य में विद्यार्थियों को बताया कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट का मतलब अपने व्यक्तित्व को उभारना अर्थात् व्यक्तित्व का विकास करना होता है। पर्सनालिटी डेवलपमेंट में हमें अपने पर्सनल बिहेवियर, ऐटिट्यूड, प्रस्तुति का तरीका, लोगों से बात करने का तरीका और ऐसी ही बहुत सी चीज़ों को बेहतर बनाना होता है। हमारी जीवन-शैली और ज़िन्दगी के प्रति सोच बदल जाती है और हम लाइफ में कमियों के बजाए पॉजिटिव चीजों की तरफ ज्यादा ध्यान देने लगते हैं। जिसके वजह से हम ज्यादा खुश रहते हैं और खुशी हमारे जीवन में तनाव को ऐसे ही कम कर देती है। हर इंसान की अपनी एक पर्सनालिटी होती है। हम हर दिन किसी न किसी से मिलते जुलते रहते हैं किसी से मिलकर हमें काफी अच्छा लगता है तो किसी से मिलकर ऐसा कुछ भी नहीं लगता कि उसे दोबारा याद किया जाए। लेकिन कुछ लोगों की बातें उनका व्यवहार कई ऐसी चीजें होती हैं जो हमें याद रखने पर मजबूर कर देती हैं। इसकी वजह उनकी पर्सनालिटी है। आज के समय में अच्छी पर्सनालिटी होना बेहद जरूरी है चाहे किसी भी क्षेत्र में चाहे हम जॉब में हो, बिजनेस में हो या स्टूडेंट्स हों।उन्?होने आगे बताया कि हमारे अंदर आत्म जागरूकता होना बेहद जरूरी है, दूसरों के प्रति जजमेंटल बनने से अच्छा है कि खुद की जागरूकता पर काम करें। खुद को समझने की कोशिश करें, अपनी क्षमता को पहचाने और हो सके तो खुद की क्षमता को बढ़ाने की कोशिश करें। बिहेवियर और प्रेजेंटेशन स्किल को बेहतर बनाना, आपका बिहेवियर आपकी पर्सनालिटी डेवलपमेंट का बेहद जरूरी पार्ट होता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में बेहद जरूरी है अगर आप फिट रहेंगे तो आपकी पॉजिटिविटी आपको मोटिवेट करेगी।

# श्रीराम के काम में खुद को समर्पित कर दो: पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### रामालय कार्यालय के भव्य शुभारंभ में पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर

छतरपुर/गल्ला मंडी स्थित रामचरितमानस प्रांगण में श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में श्री राम नवमी की तैयारियों को लेकर रामालय कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया

जिसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, निर्मोही अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भगवानदास सिंगारी महाराज, पीतांबरा पीठ के महंत बृजेश महाराज, आचार्य ओम प्रकाश शर्मा,भागवताचार्य मनमोहन उपाध्याय,महंत ओंकारदास,महंत कोशलेंद्र दास, महंत जीतेंद्र दास, महंत सुखस्वरूप,हरिहरदास पुजारी जी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोचार के द्वारा पूजन कर भव्य रामालय कार्यालय का शुभारंभ किया गया उसके बाद मंच पर उपस्थित सभी संत जनों का श्री राम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी के द्वारा पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया आयोजन की रूपरेखा एवं शब्दों से स्वागत अखिलेश मातेले (डालडा) ने किया मंच संचालन समिति के गिरजा पाटकर ने किया । पिछले वर्ष का लेखा-जोखा समिति के प्रमोद सोनी ने प्रस्तुत किया , आभार पंकज पहारिया ने किया , श्री राम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी एवं मंच पर विराजमान सभी संतो के द्वारा श्री राम नवमी की शोभायात्रा में झांकियां सहित खुद शामिल होने वाली समितियों,संगठनों,समाज के लोगों का मंच से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया कार्यक्रम में उपस्थित संत जनों के उद्बोधन में निर्मोही अखाड़ा के महंत भगवानदास सिंगारी जी महाराज ने कहा रामनवमी आने वाली है भगवान राम के काम में जुड़ जाए इस महोत्सव को महा महोत्सव के रूप में मनाए वहीं दूसरी ओर आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा की श्रीरामनवमी की शोभायात्रा की समूचे मध्य प्रदेश में अलख जगाने का श्रेय छतरपुर बालो को जाता है छतरपुर में बड़े ही उत्साह के साथ राम नवमी का पर्व मनाया जाता है इस महोत्सव में राम के काम में अपने आप को समर्पित कर दो तथा उन्होंने यह भी कहा कि अपने बच्चों को रामनवमी में जरूर समर्पित करें ,

इस अवसर पर श्री राम सेवा समिति के सक्रिय सदस्य राजू पटवा , कल्लू रावत, गिरजा पाटकर , प्रमोद सोनी , डालडा मातेले , संजू त्रिपाठी , प्रदीप सेन , दीपक गोयल , संजय बड़ोनिया , तरुण बाजपेई , दीपक गुप्ता , पप्पू नेता , लखन राजपूत , मुन्ना तिवारी , दिलीप अहिरवार , लालू गुप्ता , पंकज पहारिया , सौरभ तिवारी , मगन पंडित , सहित नगर के समस्त सामाजिक, धार्मिक, राजनेतिक संगठन विभिन्न समाजों के अध्यक्ष युवा साथी बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रही 7



# वेस्टीज ने लॉन्च किया वेस्टीज प्राइम कंसन्ट्रेटेड मिनरल ड्रॉप्स

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपने वेस्टीज प्राइम ब्रांड के तहत कंसन्ट्रेटेड मिनरल डॉप्स (सीएमडी) को लॉन्च करने का एलान किया है। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रोडक्ट है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक सी-मिनरल सप्लीमेंट है, जिसमें द ग्रेट साल्ट लेक, यूटा से प्राप्त मिनरल्स का प्रयोग किया गया है। द ग्रेट साल्ट लेक मिनरल्स के बड़े उत्पादकों में से है।वेस्टीज प्राइम कंसन्ट्रेटेड मिनरल ड्रॉप्स (सीएमडी) एक क्रांतिकारी हेल्थ सप्लीमेंट है। इसे द ग्रेट साल्ट लेक, यूटा से निकाला जाता है और 2 साल ईवैपोरेशन की प्रक्रिया से गुजरा जाता है। मिनरल्स आवश्यक पोषक तत्व हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने, त्वचा एवं बालों को स्वस्थ बनाए रखने, ब्लडप्रेशर को नियंत्रित करने और इम्यून सिस्टम को सहयोग करने सहित कई शारीरिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीएमडी मानव शरीर के सुचारू कामकाज के लिए सेल्युलर नरिशमेंट, इम्यून सिस्टम एवं मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करते हुए शरीर को अपनी खनिज जरूरतों को पूरा करने में मदद देने के लिए बनाया गया है।वर्तमान समय में, स्वास्थ्य पर कई ऐसी बातों का प्रभाव पड़ता है, जिन्हें भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी भारतीयों में एक बड़ी समस्या है और मिनरल्स की कमी का इसमें बड़ा हिस्सा है। दिन में तीन बार सही भोजन से मानव शरीर की मिनरल्स की ज्यादातर जरूरत को पूरा किया जा सकता है, लेकिन खानपान की खराब आदतों, जंक फूड के बढ़ते सेवन और अस्वास्थ्यकर स्नैक्स के कारण ऐसा नहीं हो पाता है।

# पौधौं से मिलने वाले ओमेगा-3 एएलए की रोज़ की जरूरत पूरी करनी है तो खायें अखरोट



मुंबई, एजेंसी।फैट शब्द के कई मतलब है। बॉडी फैट और डाइटरी फैट के बीच अंतर होने के बावजूद कई सालों से लोगों को सामान्य रूप से बताया जा रहा है कि यह दोनों खराब हैं, पर यह बात ज्यादातर लोग नहीं जानते कि सभी फैट्स खराब नहीं होते हैं। उदाहरण के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, जो पॉलिसेचुरेटेड फैट का एक प्रकार है, यह हमारे दिल, मस्तिष्क, संक्रमण शक्ति के लिए तो अच्छे हैं ही, और अगर कुल मिलाकर देखा जाए तो यह मृत्यु दर पर भी अंकुश रखते हैं। ओमेगा-3 फैटी एसिड्स तंत्रिका-तंत्र और हमारे रक्त प्रवाह के माध्यम से शरीर में पोषक तत्वों का स्थानांतरण सुनिश्चित करता है। अब जब आवश्यक फैट्स हमारे शरीर और दिमाग के लिए बहुत जरूरी है तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि शरीर अपने आप इन्हें पोषक तत्वों में नहीं बदल सकता। केवल एक तरह से हम शरीर की रोजाना फैटी एसिड्स की जरूरत को पूरा कर सकते हैं। इसके लिए जरूरी हैं कि उन खाद्य पदार्थों को खाएं या उन ड्रिंक्स का सेवन करें, जिसमें ओमेगा-3 काफी मात्रा में पाया जाता है। सौभाग्य से, कई खाद्य पदार्थ ओमेगा 3 का अच्छा स्रोत हैं।

# पॉलिसीबाजार स्टोर ग्राहकों को इंश्योरेंस के प्रति कर रहा जागरूक

मुंबई, एजेंसी। पॉलिसीबाजार स्टोर लोगों के इंश्योरेंस खरीदने के तरीके को बदल रहे हैं। अब ग्राहक 50+कंपनियों से ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी की तुलना करने के लिए पास के पॉलिसीबाजार स्टोर में जा सकते हैं। इतना ही नहीं पॉलिसीबाजार स्टोर ग्राहकों को क्लेम, सर्विस और रिन्यूल्स से संबंधी प्रश्नों में भी सहायता प्रदान करते है। पॉलिसीबाजार स्टोर 50+ शहरों में मौजूद हैं। जिसमें से ज्यादातर स्टोर टियर 2 और 3 शहरों में हैं। टियर 2 और 3 शहरों में रहने वाले ज्यादातर ग्राहक पॉलिसी की बेहतर समझ के लिए भौतिक बैठक की तलाशमें रहते है। टियर 2और 3 के शहरों के पॉलिसीबाजार स्टोर में 5000+ग्राहक पूछताछ के लिए आते है। पॉलिसीबाजार के सीईओ, सरबवीर सिंह ने कहा कि 50+ शहरों में पॉलिसीबाजार के ऑफलाइन स्टोर हैं और हम 100+ स्थानों तक विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इन स्टोर्स का विस्तार का करने का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को इंश्योरेंस संबंधी समस्याओं का समाधान करना है, साथ ही ग्राहकों मे अधिक विश्वास पैदा कर प्रत्येक घर तक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। पॉलिसीबाजार स्टोर भारत में इंश्योरेंस की पहुंच को बढ़ाने में मदद कर रहें ये एक वन स्टॉप शॉप है जो आपकों आपके घर के पास आपकों वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है।

# मरेंगो सिम्स अस्पताल के डॉक्टर ने उपचार की गंभीरता के बारे में जागरूकता फैलाई

नई दिल्ली, एजेंसी। मरेंगो सिम्स अस्पताल ने किडनी खराब होने का संकेत देने वाले लक्षणों की गंभीरता और इन लक्षणों को दूर करने के लिए आवश्यक चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व पर जागरूकता बढ़ाकर विश्व किडनी दिवस मनाया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व डॉ. सिद्धार्थ मवाणी, निदेशक, नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन, मरेंगो सिम्स अस्पताल, डॉ. मयूर पाटिल, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन, मरेंगो सिम्स अस्पताल, डॉ. पंकज शाह और डॉ. रेचल शाह और टीम ने किया।इस वर्ष के विश्व किडनी दिवस का विषय सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य - अप्रत्याशित के लिए तैयारी, कमजोर लोगों का समर्थन है। गुर्दे की बीमारियाँ बहुत तेजी से बढ़ रही हैं, और जागरूकता अनुपात में कम है। यह प्रमुख बीमारियों में से एक है जो समय पर संबोधित नहीं होने पर घातक हो सकती है। किडनी रोग अनुसंधान और अध्ययन से पता चलता है कि भारत और चीन विश्व स्तर पर छ्ष्यष्ठ में अग्रणी हैं। गुर्दे की बीमारी सबसे प्रचलित पुरानी स्थितियों में से एक है और यह मधुमेह, हृदय रोग और मोटापे की लगातार जटिलता है। डायलिसिस के लिए पहली तकनीकी मशीन असफल रही और अक्सर मौत का कारण बनी।

# सोनालीका ने फरवरी23 में अब की सर्वाधिक 14.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत से नंबर 1 ट्रैक्टर निर्यात ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स का उद्देश्य किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करना और उनकी खेती हेतु नए कृषि समाधान बनाना रहा है। इस अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ किसानों का दिल जीतते हुए सोनालीका ने फरवरी 23 में अब तक की सर्वाधिक 1,37,344 (चालू वर्ष की 1 जनवरी से आज तक) कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की और अब तक की सर्वाधिक 14.1 प्रतिशत की बाज़ार हिस्सेदारी भी हासिल की है। वित्त वर्ष23 के अंतिम चरण में इस तरह की बेजोड़ उपलब्धि यह दर्शाता है कि सोनालीका किसानों के साथ आगे बढ़ने और उनकी उभरती मांगों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# इस साल नहीं रुलाएगा सरसों तेल का भाव



नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल फरवरी में ही गर्मी की जो तपिश दिखी है, उससे किसान परेशान हैं। इसका असर गेहूं की फसल पर तो दिखा ही है, सरसों पर भी दिखा है। इस साल सरसों की उपज में करीब पांच फीसदी की कमी आ गई है। इसके बावजूद परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि इस साल सरसों का रकबा बढ़ा है। इसलिए सरसों का उत्पादन पिछले साल से ज्यादा रहा है। यही नहीं, पिछले साल का करीब छह लाख सरसों भी बचा हुआ है। इसलिए माना जा रहा है कि इस साल सरसों तेल के दाम काबू में ही रहेंगे।

सरसों तेल क्षेत्र की शीर्ष संस्था सेंट्रल आर्गनाइजेशन ऑफ ऑयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष सुरेश नागपाल के मुताबिक रबी फसल में इस साल कुल 113 लाख टन सरसों का उत्पादन हो रहा है। इसमें यदि पिछले साल के छह लाख टन का कैरी फारवर्ड भी जोड़ दें तो इस साल पेराई के लिए 119 लाख टन सरसों उपलब्ध है। इसमें रेपसीड या तोरिया के करीब दो लाख टन के उत्पादन को शामिल नहीं किया गया है। पिछले साल इसी रबी सीजन में 109.50 लाख टन सरसों का उत्पादन हुआ था। उनका कहना है कि इस साल मौसम की वजह से सरसों की यील्ड पर करीब पांच फीसदी का फर्क पड़ा है।

**सरसों का रकबा बढ़ा है–** इस साल देश में सरसों की खेती का रकबा बढ़ा है। कूइट से मिले आंकड़े के मुताबिक पिछले साल देश भर में 86.04 लाख हैक्टेअर क्षेत्र में सरसों की खेती की गई थी। यह इस साल बढ़ कर 92.48 लाख हैक्टेअर तक पहुंच गया है। हालांकि इस साल सरसों की उपज कम हुई है। पिछले साल प्रति हैक्टेअर सरसों की यील्ड 1,270 किलो रही थी। वह इस साल यह घट कर 1,221 किलो रह गई है।

## सरसों तेल का भाव घटा

नागपाल ने बताया कि नई सरसों का दाम भी घट कर 5,000 से 5,200 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया है। इसलिए सरसों तेल की एक्स फैक्ट्री कीमत भी 125 रुपये लीटर से घट कर 106 रुपये तक आ गई है। उनका कहना है कि इस साल सरसों तेल के भाव में कोई खास कमी-बेशी की संभावना नहीं है। जब सरसों तेल की एक्स फैक्ट्री कीमत घटी है तो खुदरा बाजार में भी सरसों तेल का दाम घटना शुरू हो गया है। एक महीने पहले जो सरसों तेल 130 रुपये से 140 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था, वह अब घट कर 120 से 125 रुपये लीटर पर आ गया है।

## इंपोर्टेड खाद्य तेलों के भी दाम घटे

भारत में करीब 60 फीसदी एडिबल ऑयल का इंपोर्ट होता है। इनमें पॉमोलीन और सोयाबीन ऑयल की हिस्सेदारी दो तिहाई है। सूर्यमुखी के तेल की भी अच्छी हिस्सेदारी है। इस समय गुजरात के पोर्ट पर इंपोर्टेड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का थोक भाव 105 से 106 रुपये प्रति लीटर बैठ रहा है। इसी तरह सूरजमुखी के तेल का भी थोक भाव 110 से 112 रुपये लीटर तक बैठ रहा है। पॉमोलीन की कीमत 96 रुपये प्रति लीटर है।

# कोलकाता की स्ट्रीट चाय, मुंबई वाली कटिंग चाय या हैदराबाद की ईरानी चाय, घर बैठे लीजिए मजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोग अक्सर चाय पर चर्चा करते हैं। चर्चा के दौरान पुरानी दिल्ली की मिठाई चाय, मुंबई की कटिंग चाय, कोलकाता की स्ट्रीट चाय और हैदराबाद की ईरानी चाय का जिक्र करते हैं। वैसे तो आपको इन चायों का मजा लेने के लिए इन शहरों की सैर करनी होगी। लेकिन, घर बैठे भी इन चायों का मजा आप ले सकते हैं। जी हां, टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने इसी तरह की चाय को डिब्बे में बंद कर बाजार में उतारा है। कंपनी का दावा है कि इन पैकों में चाय का वही स्वाद और लुत्फ मिलेगा।

## चाय में बढ़ रही है दिलचस्पी

पहले चाय की दुकान खोलना कम पढ़े-लिखे व्यक्ति या कम पूंजी वाले लोगों की निशानी थी। लेकिन पिछले कुछ बरसों में यह मिथ बदल गया है। अब तो पटना जैसे छोटे शहर में एमबीए चाय वाली की दुकान खुल चुकी है। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में तो चायोस और अन्य बड़ी दुकान पहले से ही चल रही है। इसी से प्रेरित हो कर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने भी टाटा टी प्रीमियम स्ट्रीट चायज ऑफ इंडिया को लॉन्च किया है। कंपनी का कहना है कि भारत के स्टीट चाय की अब ब्रांडिंग की जाएगी और इसे घर-घर तक पहुचाया जाएगा।

## दिल्ली से शुरू हुई है ब्रांडिंग

कंपनी ने रविवार को दिल्ली से स्ट्रीट चायज ऑफ इंडिया की ब्रांडिंग शुरू की। इसी क्रम में दिल्ली मेट्रो की एक पूरी ट्रेन पर कंपनी के कामर्शियल लगाए गए हैं। यह ट्रेन येलो लाइन पर दौड़ रही है। इस अवसर पर कंपनी के पैकेज्ड ब्रेवरेजस (भारत और दक्षिण एशिया) के अध्यक्ष पुनीत दास ने कहा कि चाय की अनोखी श्रेणी में भारत की सड़कों से प्रेरित होकर बनाए गए अनूठे स्वाद शामिल किये गये हैं। दिल्ली स्ट्रीट चाय और दिल्ली के मशहूर स्मारको का जश्न मनाते हुए दिल्ली मेट्रो को ब्रांड के दिल्ली पैक में शामिल किया गया है।

# लार्ज-मिड कैप फंड दे रहे अच्छा रिटर्न, रणनीति के तहत होता है स्मॉल कैप में निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लार्ज और मिडकैप फंड एक इक्विटी फंड है जिसमें फंड मैनेजर आपकी रकम का प्रत्येक में 35-35 फीसदी का निवेश करता है। बाकी 30 फीसदी रकम को स्मॉल कैप सहित पूरे बाजार पूंजीकरण में निवेश किया जा सकता है। इस तरह के स्मॉल कैप में निवेश की प्रकृति काफी हद तक किसी रणनीति के अनुसार होती है। एक लार्ज और मिडकैप योजना जबरदस्त मेल पेश करती है। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियां जो बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 होती हैं, वे लार्ज कैप होती हैं। मिडकैप में 101 से 250 रैंक वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है।

**कमजोर बैलेंसशीट वाली कंपनियों में नहीं होता है निवेश–** मजबूत प्रदर्शन का क्रेडिट इसके विवेकपूर्ण शेयरों के चयन, स्मॉल कैप के जोखिम और निवेश के लिए बेहतर फैसले को दिया जा सकता है। साथ ही उन कंपनियों को संभावित निवेश से हटा दिया जाता है, जिनकी बैलेंस शीट कमजोर हो या ऐसी कंपनियां जिनका कमजोर बिजनेस मॉडल हो। निवेश के इस नजरिये ने फंड को अलग-अलग समय सीमा में अच्छा निवेश अनुभव प्रदान करने में मदद की है। मिड और स्मॉल कैप के लिए स्टॉक चयन पद्धति को देखते हुए पोर्टफोलियो में उतार चढ़ाव की कम उम्मीद की जाती है।

**निवेश के लिए एसआईपी का लें सहारा–** यदि आप एक ऐसे निवेशक हैं जो मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से निवेशित रहने के इच्छुक हैं, तो आप एसआईपी के माध्यम से निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिडकैप फंड पिछले एक, दो और तीन साल की अवधि में न केवल बेंचमार्क को मात देने के मामले में, बल्कि अपने साथियों से बेहतर प्रदर्शन करने में भी लगातार शीर्ष पर रहा है।

# क्रोमा के मैजिकल समर के साथ मैजिक अनलॉक करें - एयर कंडीशनर्स, रेफ्रिजरेटर्स और रूम कूलर्स पर 45 प्रतिशत तक की बचत करें!

## आधुनितम एसी, कूलर्स और रेफ्रिजरेटर्स के साथ गर्मियों के लिए तैयार हो जाइए

**सीहोर, एजेंसी।** भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है।

क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45 प्रतिशत तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज़्यादा एसी, 450 से ज़्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं।

क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रूम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं।




चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहां हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं। अपनी ज़रूरतों के मुताबिक सही उत्पाद चुनने के लिए उपभोक्ता क्रोमा के कर्मचारियों से विशेष सलाह भी ले सकते हैं।

इतनाही नहीं, क्रोमा के समर सेल में ज्यूसर मिक्सर ग्राइंडर, फैन और दूसरे उपकरणों पर भी इस समर सेल में अतुलनीय ऑफर्स दी जा रही हैं। गर्मियों से राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं को सबसे बेहतरीन डील्स और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के लाभ दिलाने के लिए क्रोमा ने कोई भी कसर नहीं छोड़ी हैं।

क्रोमा के मैजिकल समर सेल में उपभोक्ताओं को अप्लायंसेस की विशाल श्रेणी पर भारी डिस्काउंट दिए गए हैं। पिछले साल के उत्तर भारत के शहरों के हॉटेस्ट ट्रेंड्स की झलक हम इसमें देख सकते हैं। पिछले साल के क्रोमा के समर ट्रेंड्स के मुताबिक, बहुतांश एसी उपभोक्ताओं ने (59 प्रतिशत ) 1.5 टन एसी का विकल्प चुना, जिनकी संख्या नयी दिल्ली में सबसे ज़्यादा (75 प्रतिशत ) थी, 6 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने, खास कर कोलकाता और गुडगाँव में 2 टन एसी को चुना। नयी दिल्ली में विंडो एसी सबसे ज़्यादा (41 प्रतिशत ) लोकप्रिय रहे। 300 लीटर की कम क्षमता वाले फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स नोएडा में (31 प्रतिशत ) सबसे ज़्यादा ख़रीदे गए और मुंबई और नोएडा में 400 लीटर से ज़्यादा के फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर सबसे ज़्यादा (16 प्रतिशत ) ख़रीदे गए।

# एडफेक्टर्स पीआर ने पब्लिक रिलेशंस प्रीमियर क्रिकेट लीग 2023 जीता

## टूर्नामेंट में एडफेक्टर्स पीआर की टीम ने छह ओवर में 131 रन बनाने वाली पहली टीम का रिकॉर्ड कायम करके इतिहास रचा

**मुंबई , एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी पीआर कंसल्टेंसी फर्म की क्रिकेट टीम, एडफेक्टर्स यूनाइटेड, क्रिकेट टीम पब्लिक रिलेशन्स प्रीमियर क्रिकेट लीग (पीआरपीसीएल) 2023, वेस्ट एडिशन की विजेता बनी। पब्लिक रिलेशंस कंसल्टेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीआरसीएआई) द्वारा 11 मार्च 2023 को खार जिमखाना, मुंबई में यह लीग आयोजित की गई थी।



टूर्नामेंट के पहले मैच में एडफेक्टर्स युनाइटेड ने केवल छह ओवर में 131 रन बनाकर पीआरपीसीएल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। टीम ने +4.77 के पॉजिटिव नेट रन रेट के साथ फाइनल में प्रवेश किया और +2 के अंतर के साथ पूरे टूर्नामेंट में उच्चतम नेट रन रेट भी बनाए रखा।

248 रन बनाने वाले सतवीर खैरलिया को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया जबकि उन्हें 2 मैन ऑफ द मैच पुरस्कार भी मिले। सुशील मह्दगुत ने भी मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता, जबकि कार्तिक बंगेरा को सेमीफाइनल में फाइटर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एडफेक्टर्स पीआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निजय एन. नायर ने कहा, हमारे लिए, एडफेक्टर्स पीआर के सांस्कृतिक ताने-बाने में खेल बहुत गहराई से बुना है। हमारे आंतरिक विकास कार्यक्रम हों या उद्योग-स्तर की सभी प्रतियोगिताओं में हमारा प्रतिनिधित्व हो, हम खिलाड़ी भावना को गंभीरता से लेते हैं। हमें ट्रॉफी जीतने की बेहद खुशी और गर्व है। हम अपने लोगों को खेलों को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रित प्रयास, प्रेम और दृढ़ता के साथ उसी तरह समर्थन देना जारी रखेंगे जिस तरह से वे काम करते हैं।

# टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष फाइल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** ग्लोबल ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स को टर्नकी सॉल्यूशन सहित प्रोडक्ट डेवलपमेंट और डिजिटल सॉल्यूशन की पेशकश करने वाली अग्रणी ग्लोबल इंजीनियरिंग सेवा कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर किया है। कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम इसकी चुकता शेयर पूंजी के लगभग 23.60 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। इसके तहत नकदी के माध्यम से 95,708,984 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव किया गया है। बिक्री के प्रस्ताव में शामिल हैं (ए) टाटा मोटर्स लिमिटेड द्वारा 81,133,706 इक्विटी शेयर तक, (बी) अल्फा टीसी होल्डिंग्स पीटीई द्वारा 9,716,853 इक्विटी शेयर तक और (सी) टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड वन द्वारा 4,858,425 तक इक्विटी शेयर। प्रत्येक टाटा टेक्नोलॉजीज पेड-अप शेयर पूंजी के क्रमशः 20 प्रतिशत, 2.40 प्रतिशत और 1.20 प्रतिशत तक का प्रतिनिधित्व करते हैं। टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड एक अग्रणी ग्लोबल इंजीनियरिंग सेवा कंपनी है जो ग्लोबल ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स ('ओईएम') और उनके टियर 1 आपूर्तिकर्ताओं को टर्नकी सॉल्यूशन सहित प्रोडक्ट डेवलपमेंट और डिजिटल सॉल्यूशन प्रदान करती है।

# बेहतर कल के लिए कृषि क्षेत्र में बदलावः आईसीएआर ने विश्व बैंक के साथ प्रथम सम्मेलन की घोषणा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कृषि क्षेत्र में अनुसंधान एवं शिक्षा के समन्वय, मार्गदर्शन और प्रबंधन के लिए शीर्ष निकाय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विश्व बैंक के साथ मिलकर राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) के तहत भारत में ष्ब्लेंडेड लर्निंग इकोसिस्टम फॉर हायर एजुकेशन इन एग्रिकल्चरष् थीम पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करने की घोषणा की है। आईसीएआर- आईएएसआरआई (इंडियन एग्रिकल्चरल स्टैटिसटिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट) की मेज़बानी में नयी दिल्ली में 21 से 23 मार्च तक होने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन, उच्च कृषि शिक्षा के लिए अत्याधुनिक मिश्रित शिक्षा प्रणाली के विकास की दिशा में गठबंधन को सहयोग प्रदान करने वाला एक बहु साझीदार वैश्विक मंच है। इस सम्मेलन का उद्देश्य अकादमिक क्षेत्र, उद्योग, सरकार और बहुपक्षीय एवं द्विपक्षीय संगठनों से साझीदारों का एक वैश्विक पारितंत्र विकसित करने की सुविधा प्रदान करना है जहां ये संगठन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) के तहत रेसिलिएंट एग्रिकल्चरल एजुकेशन सिस्टम (आरएईएस) के सभी पहलुओं की डिजाइन एवं पूर्ण रूप से क्रियान्वयन की दिश में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराएंगे। एनएएचईपी एक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, कंटेंट रिपोसिटरी और प्रणालीगत क्षमता निर्माण की परियोजना है।

# मोटोरोला ने मोटो जी73 5जी नाम से नया 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज फ्रेंचाइजी में, मोटो जी73 5जी नाम से नया 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए मोटो जी73 5जी के साथ कैमरे से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है, इसमें




अल्ट्रा पिक्सेल टेक्नोलॉजी के साथ एडवांस्ड, फ्लैगशिप ग्रेड का 50एमपी कैमरा है। पिछली जेनेरशन की तुलना में इसके 1.5 गुना बड़े पिक्सेल का उपयोग करके अब आप शार्पर एवं ब्राइटर रिजल्ट्स के लिए अधिक लाइट का इस्तेमाल कर अपने ग्राम के लिए शानदार पिक्चर्स को कैप्चर कर सकते हैं। इसके अल्ट्रा-वाइड-एंगल के साथ अब आपकी आंखें जो देखना चाहती हैं उसे कैप्चर करने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि एक स्टैंडर्ड लेंस की तुलना में यह आपके फ्रेम में सीन को 4 गुना अधिक फिट बैठाता है। इसके अलावा, परफॉरमेंस को बूस्ट करने और एक सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए, मोटो जी73 5जी भारत के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 930, जो कि इस सेगमेंट में सबसे तेज एवं सबसे शक्तिशाली ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है तथा 2.2गीगाहर्ट्ज तक की फ्रीक्वेंसी की पेशकश के साथ संचालित होता है।

# बड़े अच्छे लगते हैं 2 ने लिया 3 साल का लीप, सामने आया राघव 2.0!

**मुंबई , एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के बेहद पसंद किए जाने वाले शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 ने हाल ही में 20 साल का लीप लिया है, जिसके बाद यह शो नए ज़माने के रिश्तों में एकतरफा प्यार पर एक नया नज़रिया दिखा रहा है, जिसे फैंस ने बहुत पसंद किया है। समाज की ऊंच-नीच और खुद को अपनाए जाने के संघर्ष जैसे जाने-पहचाने मुद्दों के साथ इस कहानी को जाने-माने टेलीविजन एक्टर्स नीति टेलर, पूजा बनर्जी, रणदीप आर राय और लीनेश मट्टू ने बखूबी सामने लाया है, जिन्होंने क्रमशः प्राची, पीहू, राघव और अंगद के अपने किरदारों से दर्शकों को प्रभावित किया है। अब तक, दर्शकों ने राघव का प्राची के लिए एकतरफा प्यार देखा है, लेकिन वो अपने प्यार का इज़हार नहीं कर सकता क्योंकि वो मानता है कि प्राची उसकी लीग से बाहर की है और एलके (हितेश तेजवानी) के प्रति वफादार है। इसके साथ ही, जोश ने कपूर परिवार और राघव के बीच एक गलतफहमी पैदा कर दी है, जिसने राघव को मुश्किल में डाल दिया है और ऐसे में एलके उसे कपूर मैनशन छोड़कर जाने के लिए कहते हैं।

# जलवायु परिवर्तन सभी एसडीजी में हुई प्रगति को बड़े पैमाने पर कर रहा है बाधित, दासरा ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी। मुंबई के विक्रोली में स्थित गोदरेज वन में आयोजित दासरा फिलेंथ्रॉपी वीक के 14वें एडिशन के दौरान स्ट्रैटेजिक फिलेंथ्रॉपी संगठन, दासरा ने क्लाइमेट एक्शन एलायंस के गठन का विचार पेश किया है। यह एलायंस भारत में इंटरसेक्शनल क्लाइमेट एक्शन को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों, दानदाताओं, सिविल सोसाइटी संगठनों और संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा। साथ ही यह एलायंस एक मजबूत सिस्टम तैयार करने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में हितधारकों को एक साथ लेकर आएगा।



रेनमैटर फाउंडेशन द्वारा समर्थित यह क्लाइमेट एक्शन अलायंस, सरकार और सिविल सोसाइटी संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच सहमति और सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा, ताकि जलवायु से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और आम राय को दिशा देने में मदद मिल सके। एलायंस कई वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ साझेदारी भी करेगा, ताकि ज्ञान का प्रसार करने और सम्मेलन आयोजित करने में उनकी विशेषज्ञता का पूरा लाभ उठाया जा सके। इसके अलावा, एलायंस का उद्देश्य जलवायु संबंधी पहलुओं के लिए परोपकार को बढ़ावा देना भी होगा।

दासरा ने भारत में जलवायु परिवर्तन की विभिन्न क्षेत्रों पर अंतरनिर्भरता पर आम लोगों की समझ को बढ़ाने के लिए अपनी तरह की पहली लैंडस्केप और रिसर्च रिपोर्ट पेश करने की अपनी योजना की भी घोषणा की है। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के सहयोग से क्लाइमेट इंटरसेक्शनैलिटी रिपोर्ट, सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के उन पहलुओं की पड़ताल करेगी, जो कि जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हैं, जैसे कि एसडीजी 2 - जीरो हंगर, एसडीजी 3 - बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण, एसडीजी 11 - टिकाउ शहर एवं समुदाय, एसडीजी 15 - धरती पर जीवन, और एसडीजी 5 - लैंगिक समानता और एसडीजी 17 - क्रॉस-कटिंग एसडीजी के रूप में लक्ष्यों के लिए भागीदारी। यह जलवायु परिवर्तन को एक इंटरसेक्शनल लेंस के साथ देखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, जो अन्य क्षेत्रों के साथ जुड़ाव के माध्यम से सही प्रयास करने में मदद करेगा। क्लाइमेट इंटरसेक्शनलिटी रिपोर्ट अगले कुछ महीनों में लॉन्च की जाएगी।

समीर शिसोदिया, सीईओ, रेनमैटर फाउंडेशन ने दासरा फिलेंथ्रॉपी वीक के बारे में बोलते हुए कहा, जलवायु संकट पिछले 10,000 वर्षों में हमारे द्वारा प्रकृति के साथ किए गए खिलवाड़ का परिणाम है, वहीं पिछले 100 वर्षों में इसमें बहुत तेजी आई है। जब तक हम अपनी रिहायश की जगह की जिम्मेदारी नहीं उठाते, और अपने क्षेत्र के भविष्य को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानते, तब तक हमें कहीं और भागने की जरूरत नहीं होगी।

## परीक्षा संबंधित जानकारी प्रदान कर रंगपंचमी महोत्सव मनाया



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ अजरा एजाज के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को परीक्षा संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं रंगपंचमी महोत्सव मनाया गया । जिसमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश प्राध्यापकों द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में होली गीत एवं फाग गायन की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीताराम शर्मा, डॉ विजय कलमधार, श्री ढालसिंह गौतम , डॉ छविनम श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका पाठक, श्रीमती रेणुका पोफली, श्रीमती नीता वर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद कार्यकारिणी में हुए बदलाव

**छिंदवाड़ा ।** राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनन्त मोहन शुक्ल राष्ट्रीय महासचिव डॉक्ट्र ए. के .चौबे से अनुमोदन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रदेश सचिव आयुष दीक्षित ने यह घोषणा की जिले छिंदवाड़ा के जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत सतीश दुबे, जिला उपाध्यक्ष महिला के पद पर कार्यरत श्रीमती अलका शुक्ला को पदोन्नत कर क्रमश जिला अध्यक्ष पुरुष एवं महिला घोषित किया साथ ही जिला सचिव पुरुष उदय तिवारी जिला सचिव महिला श्रीमती अंकिता पाठक को भी पदोन्नत कर क्रमश जिला उपाध्यक्ष पुरुष एवं जिला उपाध्यक्ष महिला घोषित किया।

## पी जी कॉलेज का रासेयो दल सात दिवसीय शिविर हेतु रवाना



**छिंदवाड़ा ।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ अशोक कुमार मराठे एवं पी जी कॉलेज प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम व प्रो महेंद्र साहू के नेतृत्व में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्टीय सेवा योजना पुरुष इकाई क्रमांक 1 एवं 2 का सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष शिविर ग्राम भमाड़ा विकासखंड परासिया में स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम पर दिनांक 13 से 19 मार्च तक आयोजित हो रहा है। शिविर में सहभागिता करने हेतु एनएसएस स्वयंसेवकों के दल को आज पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। विदित हो कि अगले सात दिनों तक सभी एनएसएस शिविरार्थी विशाल सलामे, नीलेश ब्रम्हने, लोकेश सनोडिया के नेतृत्व में प्रतिदिन, ग्रामोत्थान, समाज सेवा, सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, बाल संरक्षण, मतदाता जागरूकता, एड्स जागरूकता, प्लास्टिक मुक्त भारत, स्वच्छता अभियान, रैली, जनसंपर्क के द्वारा जनजागरण, सर्वे कार्य, और श्रमदान अभियान आदि कार्य करेंगे।

## एफ.डी.डी.आई के आडिटोरियम की लाईट एवं ए.सी. खराब

**छिंदवाड़ा** एफ.डी.डी.आई के आडिटोरियम की लाईट एवं ए.सी. खराब है, बताया जाहै कि लाईट एवं ए.सी. ठीक न होने से सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हो पा रहे है, जिससे जिले कलाकार निराश है।

## माँ अष्ठ भुजा का 16वां स्थापना दिवस मनाया



**परासिया ।** वार्ड नम्बर 3 जी,एम, ऑफिस के पास स्थित माँ श्री अष्ठभुजा का टेकड़ी में मन्दिर है । यहाँ दूर दूर से श्रद्धालु आते है । मन्दिर 42 वर्षो से बना हुआ है । लेकिन माता रानी के स्थापना के 16 वर्ष हो चुके है । मातारानी के स्थापना दिवस पर दुर्गा सप्सती का पाठ किया गया । मंत्रोउपचार से हवन पूजन के साथ महा आरती की गई । भण्डारे का आयोजन किया गया । महिलाओं ने माता के भजन गीत गाये । कार्यक्रम में सर्व श्री बसन्त मालवी संतोष राजपूत मोहन नुनाहरिया अशोक थापा पण्डित अवधेश तिवारी बबलू थापा बंटी शैफ खान बरकड़े मोनू राजपूत निससु डेहरिया भगवानदास यादव अनसुइया यादव शीला राजपूत रानी नुनाहरिया संध्या मालवी एवं वार्ड के भक्तगण उपस्थित थे ।

## वाद -विवाद प्रतियोगिता

अमरवाड़ा। शासकीय स्नातक महाविद्यालय अमरवाड़ा में जी 20 के अंतर्गत युवा-20 शिखर सम्मेलन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आर एन झारिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर अपने विचार रखे जिसमें पूर्णिमा बंजारा व डोली ने पक्ष में अपने विचार रखा व आशीष साहू व निलेश ने विपक्ष में अपने पक्ष प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ आर एन झारिया ने नई शिक्षा नीति की उपयोगिता पर अपने विचार रखे।



**छिंदवाड़ा ।** विवाह के शामिल होने आए वर वधु का एक्सीडेंट हुआ जिसे तुरंत महापौर विक्रम अहके के द्वारा अस्पताल भेजा गया।

# ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय थे पल

## 1334 जोड़े दाम्पत्य जीवन में बंधे, प्रभारी मंत्री कमल पटेल बने बराती





**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास तथा जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने वर-वधुओं को बधाई और शुभकामनायें देते हुये कहा कि आज का दिन छिंदवाड़ा जिले के लिये ऐतिहासिक व अभूतपूर्व दिन है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और सर्वधर्म समभाव का कार्यक्रम है जिसमें सभी समाज और धर्म के लोगों के साथ ही युवा, बुजुर्ग, महिलायें, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक सहभागिता कर 1334 वर-वधुओं के जोड़ों को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं । सभी वर-वधुओं का जीवन हमेशा खुशहाल रहे, वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें, समृध्दशाली बने और सभी कमल की तरह खिलकर घर-आंगन को महकाते रहें। प्रभारी मंत्री श्री पटेल आज छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय पर इनर ग्राउंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1334 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ जिसमें अनुसूचित जनजाति के 938, अनुसूचित जाति के 152, अन्य पिछड़ा वर्ग के 229 और सामान्य वर्ग के 15 जोड़े शामिल है । कार्यक्रम में 1306 जोड़ों का हिन्दू वैदिक व गौंडी पध्दति, 12 जोड़ों का निकाह और 16 जोड़ों का बौध्द पध्दति से विवाह संपन्न हुआ जिसमें 10 दिव्यांग जोड़ों के साथ ही 8 विधवाओं का कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत पुनर्विवाह शामिल है। जिला स्तरीय समारोह में छिंदवाड़ा जिले के नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के 208, नगरीय निकाय दमुआ के 14, चांद के 7, जुन्नारदेव के 5, बिछुआ के 4, सौंसर, चौरई व चांदामेटा बुटरिया के 3-3, पिपलानारायणवार, बडकुही, अमरवाड़ा व डोंगर परासिया के 2-2 और हर्रई व पांढुर्णा के एक-एक एवं जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के 201, जुन्नारदेव के 193, हर्रई के 139, परासिया के 106, तामिया के 87, मोहखेड़ के 65, अमरवाड़ा के 69, चौरई के 62, पांढुर्णा के 60, बिछुआ के 57 व सौंसर के 25 जोड़े शामिल हुये, जबकि अन्य जिलों में बैतूल जिले की जनपद पंचायत मुलताई व आमला के 3-3 और जनपद पंचायत बैतूल के 2, सिवनी जिले की जनपद पंचायत सिवनी के 2, नगरीय निकाय वारासिवनी का एक व जनपद पंचायत लखनादौन का एक और मंडला जिले के नगरीय निकाय नैनपुर का एक जोड़ा सामूहिक विवाह में शामिल हुआ प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गरीब माता-पिता की बेटियों के विवाह की चिंता की गई है और पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह प्रोत्साहन योजना लागू की गई है जो पूरे विश्व में ऐसी अनूठी योजना है जो केवल मध्यप्रदेश में ही लागू है। इस योजना से जहां गरीब माता-पिता कर्ज से मुक्त हुये हैं, वहीं उनकी बेटियों के विवाह की चिंता भी दूर हुई है। इस योजना के अंतर्गत प्रति हितग्राही वधू के लिये 55 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की जाती है जिसमें 6 हजार रूपये आयोजन का व्यय, हितग्राही जोड़ों के खाते में जमा की जाने वाली 11 हजार रूपये की राशि और 38 हजार रूपये की सामग्री का व्यय शामिल है । सामग्री के अंतर्गत चांदी की पायल 70 ग्राम, चांदी की बिछिया 10 ग्राम, चांदी की माथा टीका 10 ग्राम (70 प्रतिशत टच), चांदी का मंगलसूत्र 50 ग्राम (60 प्रतिशत टच), साड़ी, ब्लाउज व पेटीकोट 4-4 नग, चूड़ियां, श्रृगांर सामग्री, कलर एलईडी 32 इंच टी.व्ही. (एक वर्ष की वारंटी आईएसआई मार्क सहित), रेडियो, टेबल, पंखा, दीवाल घड़ी, स्टील आलमारी साढ़े 5 फीट, लोहे का 4×6 का प्लाई वाला पंलग, कंबल (रजाई), गद्दे, तकिया व चादर 2-2 नग, स्टील के 54 बर्तन थाली, प्लेट डिनर, प्लेट हलवा, गंज, गिलास, कटोरी, चम्मच, चिमटा, कढाई, तवा, परात, संसी, चम्मच छोटी, गुंडी, जग, बेलन व चौकी का सेट शामिल है। उन्होंने गुणवत्ताहीन सामग्री क्रय किये जाने की जानकारी मिलने पर कहा कि सभी वर-वधू हितग्राहियों को गुणवत्तायुक्त सामग्री प्रदाय की जायेगी । उन्होंने 3 सदस्यीय जांच समिति गठित करते हुये निर्देश दिये कि सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें और जांच में दोषी पाये गये व्यक्तियों के विरूध्द सख्त कार्यवाही करें ।

### महापौर ने दी बधाई

कार्यक्रम में नगरपालिक निगम के महापौर श्री विक्रम अहके ने वर-वधुओं को बधाई और शुभकामनायें देते हुये कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि एक साथ 1334 जोड़ों का यहां पर विवाह संपन्न हो रहा है । जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य विवेक साहू ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है व अविस्मरणीय पल है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

### घोड़े, ऊट एवं पैदल गये दुल्हे दुल्हन लेने

बारात में शामिल हुआ अपार जन समूह- मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल की अगुआई में पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा से 1334 दूल्हों की बारात निकली जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वर-वधू के परिजनों और पत्रकारों के साथ ही अपार जन समूह शामिल हुआ । लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी बारात में 2 डीजे, लगभग 8 बघ्घियां, लगभग 20 घोड़े और एक ऊंट पर जनप्रतिनिधियों और पैदल दूल्हों के काफिले में धमाल पार्टी भी बैंड बाजों व अपार जन समूह के साथ इनर ग्राउंड के लिये निकले । प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने अन्य जनप्रतिनिधियों और बारातियों के साथ डीजे की धुन और धमाल पार्टी के बैंड-बाजों की धुन पर मार्ग में जगह-जगह डांस किया । यह बारात यात्रा सभी के लिये आकर्षण का केन्द्र रही।

### प्रभारी मंत्री ने स्वागत किया

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने घराती बनकर किया दूल्हों का स्वागत- बारात में शामिल होने के बाद प्रभारी मंत्री श्री पटेल इनर ग्राउंड के मुख्य द्वार पर खड़े हुये तथा उन्होंने घराती बनकर वधुओं व उनके परिजनों की ओर से दूल्हों व उनके परिजनों का आत्मीय अभिनंदन किया ।

### घटिया सामग्री की जांच होगी

विवाह समारोह में चांदी की जगह गिलट का सामान दिया गया, एवं इसके अलावा और सामग्री घटिया स्तर की थी जिसकी जांच के आदेश प्रभारी मंत्री ने दिया।

## केन्द्रीय गृह मंत्र अमित शाह के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा, पुलिस ग्राउंड का भी किया निरीक्षण



**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के छिंदवाड़ा आगमन को देखते हुए प्रभारी मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिक ने तैयारियों का जायजा लेते हुए स्थानीय पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। गौरतलव है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन 25 मार्च को छिंदवाड़ा में होने जा रहा है और स्थानीय पुलिस ग्राउंड का चयन उनकी सभा के लिए किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीएम एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ, जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली पुलिस ग्राउंड में उपस्थित रहे । प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए ।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद का आगमन आज
### संगठन के विभिन्न कार्यों की करेंगे समीक्षा



**छिंदवाड़ा ।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद का आज छिंदवाड़ा आगमन होगा । आज दिनांक 14 मार्च को प्रात: 11 बजे सड़क मार्ग से तामिया पहुंचेंगे जहां पर बूथ विस्तारक अभियान 2.0 की शुरूआत करेंगे । इसके प्रश्चात् दोपहर 1 बजे जुन्नारदेव विधानसभा प्रबंध समिति बैठक तामिया रेस्ट हाउस करेंगे। दोहपर 3 बजे परासिया भाजपा कार्यालय में परासिया विधानसभा प्रबंध समिति की बैठक लेंगे । तत्पश्चात् सायं 5.30 बजे छिंदवाड़ा विधानसभा प्रबंध समिति की बैठक भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में लेंगे । दिनांक 15 मार्च को प्रात: 10 बजे नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा के निवास पर सौसर विधानसभा प्रबंध समिति बैठक लेंगे, तत्पश्चात् दोपहर 12 बजे ताप्ती भवन तिगांव में पांढुर्णा विधानसभा प्रबंध समिति की बैठक लेंगे । भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिक, लोकसभा विस्तारक अशोक यादव , उपस्थित रहेंगे ।

## बालक और बालिका छात्रावास में आवास व भोजन कक्ष एवं अन्य कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा ।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार झा द्वारा गत दिनों जिले के आदिवासी विकासखंड तामिया में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब, आर्ट एंड क्रॉफ्ट कक्ष, म्यूजिकल कक्ष व अन्य कक्षों के साथ ही बालक और बालिका छात्रावास में आवास व भोजन कक्ष एवं अन्य कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से उनकी शिक्षा, भोजन व अन्य सुविधाओं, खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और भविष्य में चुने जाने वाले कैरियर के संबंध में जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के संयुक्त सचिव डॉ.नवलजीत कपूर, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनायें मध्यप्रदेश की संचालक सुश्री सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेन्द्र नारायण, उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल की श्रीमती रीता सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सत्येन्द्र सिंह मरकाम, एसडीएम जुन्नारदेव मधुवंतराव धुर्वे, तहसीलदार प्रजीत बंसोड़, विद्यालय की प्राचार्या सुश्री कला उईके व अन्य शिक्षक, एसडीओ पी.आई.यू. सी.एस. राहंगडाले, मंडल संयोजक रवि कनौजिया और अन्य अधिकारी तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव श्री झा ने विद्यार्थियों से कहा कि मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें और जीवन में भविष्य में क्या करना है, इस संबंध में अपना विजन अभी से तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इंजीनियरिंग, मेडिकल, सेना, खेल, आर्ट, म्यूजिक और अन्य ऐसा क्षेत्र चुन सकते हैं जहां उनका बेहतर भविष्य बन सके। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिये कि एकलव्य आवासीय विद्यालय से अध्ययन करके आगे की कक्षाओं में जाने वाले विद्यार्थियों की जानकारी रखें और यह सुनिश्चित करें कि मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में उन्हें छात्रवृत्ति व फीस के लिये परेशान नहीं होना पड़े। ऐसे बच्चों को अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने पर इस विद्यालय में आमंत्रित करें और उनके अनुभव साझा करें जिससे अन्य विद्यार्थी प्रेरित होकर अपने भविष्य का बेहतर निर्माण कर सकें।

## क्षेत्र से गोवंश तस्करी पर अंकुश लगाने की मांग
### ज्ञापन लेने नही पहुंचे एसडीएम तो एन एच पर हुआ चक्का जाम

**सौसर ।** एसडीएम कार्यालय में उस समय हंगामा हुआ जब ज्ञापन लेने एसडीएम साहब नही पहुंचे जिसके एक छोटी सी बात का लेकर गोरक्षक नागपुर छिंदवाड़ा एनएच जाम कर सड़क पर बैठा गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया जानकारी में पंकज ठाकरे ने बताया कि पूरा मामला प्रखंड क्षेत्र से बढ़ती गोवंश तस्करी पर पूर्णत: अंकुश लगाकर आरोपी पर कठोर कार्यवाही की मांग का है जिसको लेकर गो सेवको द्वारा रविवार को एक बैठक का भी आयोजन किया था जिसके सोमवार 11 बजे एसडीएम को ज्ञापन सोपने की बात कही थी लेकिन जब सड़को संख्या में एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे गोसेवक तो एसडीएम ने दो व्यक्ति को चेंबर में आकर ज्ञापन सोपने की बात कही लेकिन एसडीएम गोवंश तस्करी जैसे गंभीर विषय को लेकर समस्या सुनने बाहर नही आए ऐसे में एसडीएम के तानाशाही रवैया के कारण कार्यालय के बाहर नागपुर छिंदवाड़ा एनएच पर गोसेवक बीच में बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस प्रशासन भी कुछ नहीं कर सका लगभग दो से ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद आखिर स्ष्ठरूश्रेयांस कुमट पुलिस बल के साथ बाहर आए और ज्ञापन लिया गया जिसके बाद मामला शांत हुआ। लेकिन हमेशा की तरह फिर एक बार प्रशासनिक अधिकारियोंकी लापरवाही और सुस्ती का मामला सामने आए जिसमे नागरिकों में काफी आक्रोश का माहौल है।



### टीआई से तीखी नोक झोंक से बिगड़ा मामला

सौसर में एसडीएम कार्यालय ज्ञापन सोपने पहुंचे सेकडो गोरक्षको की सौसर थाना प्रभारी अमित कोरी से जमकर तीखी नोक झोंक हुई जहा अधिकारियों ने तानाशाही रवैया से अक्रोषित गो सेवको को अपनी अलग नियम कायदे बताते रहे ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी गो सेवको को समस्या सुनने नही पहुंचे तो एनएच पर प्रदर्शन करना पड़ा लेकिन पुलिस प्रशासन पूरे प्रदर्शन में मुख दर्शक बनी रही वही सौसर थाना प्रभारी फिर एक बार सुर्खियों ने बने रहे बता दे कि थाना प्रभारी अमित कोरी अपने कार्यशेली के कारण काफी विवादो से घेरे हुए है लेकिन आम जनता में काफी आक्रोश है लेकिन पुलिस विभाग थाना प्रभारी पर मेहरबान है लाइन ऑडर की स्थिति को कंट्रोल के बजाए थाना प्रभारी अलग नियम कायदे बताते रहे जिससे गो सेवको का आक्रोश और भड़क गया लेकिन पुलिस मोर्चा संभालने में असफल साबित रही। वही सड़क पर धरना प्रदर्शन के दौरान नागपुर छिंदवाड़ा एनएच पर लंबा जाम लगा रहा लेकिन प्रशासन कोई व्यवस्था नहीं बना सका वही नागरीको का कहना है कि जब भी कोई ज्ञापन होता है तो एसडीएम और अन्य अधिकारी नादरक रहते है ऐसे में किसको हम हमारी समस्या से अवगत कराए वर्तमान में सौसर प्रशासनिक अधिकारियों के कारण आम नागरिक परेशान और आक्रोशित है ।

## हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मातृशक्ति महिला ग्रुप ने मनाया रंगपंचमी



**छिंदवाड़ा ।** परंपरागत रंगों का त्योहार रंगपंचमी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी मातृशक्ति महिला ग्रुप द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर महिलाओं ने विशेष परिधान में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया,एक दूसरे को शुभकामनाएं दी एवं सामूहिक नृत्य कर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम में कालोनी की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुई जिनमे मुख्य रूप से श्रीमती शोभना राय तस्लीम ठाकुर सरोज कमलेश कल्पना संगीता श्रीवास्तव संध्या डेहरिया आरती मस्त कार ज्योति मेश्राम ज्योति श्रीवास्तव संध्या गुप्ता सीमा श्रीवास्तव दीपा पहाड़े तेजल मोहगांवकर अवनी गादरे गुरुशरण कौर सीमा सक्सेना आरती जैन अनीता रामेश्वर,नीतू तिवारी लता साहू ममता शर्मा संगीता नगरिया खुशबू तिवारी,नीतू साहू आदि उपस्थित रही।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज होली मिलन समारोह

छिंदवाड़ा जिझौतिया ब्राह्मण समाज जिला छिंदवाड़ा का होली मिलन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। समारोह नागपुर रोड स्थित एक लॉन में समाज के वरिष्ठ शरद दुबे, एम एम परसाई,एडवोकेट राजेंद्र तिवारी,राजेंद्र तिवारी (बच्चू तिवारी) विजय दुबे,विपिन दुबे, के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों की कुर्सी दौड़ में जूनियर में अंशुमान दुबे प्रथम, शरण्या दुबे द्वितीय,सात्विक तृतीय रहे।सीनियर बच्चों में प्रथम मानसी दुबे,द्वितीय रुनजून परसाई, आराध्य दुबे रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुभ्रा दुबे ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। डीएसपी अनुराग दुबे, एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी आशीष दुबे,हिमांशु दुबे ,वर्षा दुबे,आरती दुबे,अंजुलि दुबे ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए । हर्षित दुबे ने समाज के सम्मेलन हेतु समाज के महिलाओं को हार्दिक बधाई दी । इस अवसर पर सीनियर एडवोकेट अनुपम दुबे ,डॉक्टर आशुतोष दीवान,अमित दुबे,सुमित दुबे,अनिमेष दुबे, श्रीमति अंजलि दुबे,श्रीमती पूर्णिमा तिवारी,सुश्री सुमन तिवारी,श्रीमती रश्मि दुबे, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



## जिला मुख्यालय में खुलेंगे दो नए महाविद्यालय: विवेक बंटी साहू
### पीजी कॉलेज में हुआ एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा ।** शासकीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित एक सप्ताह की शोध प्रविधि पर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ । उद्घाटन अवसर पर सागर विश्वविद्यालय के प्रो जी एल पुणतांबेकर, जिला आपदा प्रबंधन समिति सदस्य और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू , जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एम के श्रीवास्तव, प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए प्राध्यापक और रिसर्च स्कॉलर उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए विशिष्ठ अतिथि श्री विवेक बंटी साहू ने कहा की इस प्रकार की कार्यशाला शोध के क्षेत्र में जिले के पी एच डी शोधार्थियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी , साथ ही उन्होंने कहा की जिला मुख्यालय के महाविद्यालयों में बढ़ती हुई छात्र संख्या को देखते हुए वे मुख्यमंत्री जी के सामने दो नवीन महाविद्यालय शुरू करने का अनुरोध कर चुके है जिस पर मुख्यमंत्री जी ने सहमति प्रदान की है । जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री भरत घई ने कहा की गुणवत्ता युक्त शिक्षा और विद्यार्थियो के बेहतर भविष्य के लिए जनभागीदारी समिति के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे है । कार्यशाला के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एम के श्रीवास्तव ने कहा की वर्तमान समय में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और समय सीमा में शोध कार्य पूरा करने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित कार्यशाला महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे ने बताया की इस वर्ष अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत निरंतर सेमिनार और कार्यशाला आयोजित की जा रही है । कार्यशाला में स्वागत उद्बोधन डॉ लक्ष्मीचंद ने दिया , कार्यशाला के उद्देश पर प्रो मनोहर सिंह ने प्रकाश डाला, कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ पी एन सनेसर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ के एल झरबड़े ने किया । इस अवसर पर शोधार्थियो सहित महाविद्यालय से डॉ अनिल जैन , डॉ आर के मिश्रा, डॉ डी डी विश्वकर्मा , डॉ पखाले , डॉ जी वी ब्रम्हे, डॉ बीके डहेरिया , डॉ आनंद नेमा, सुप्रिया साहू , डॉ अर्चना मैथ्यू, डॉ दीप्ति जैन, बिछुआ महाविद्यालय से प्राचार्य डा आर पी यादव , कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा से डॉ कौशल , परासिया महावि से डॉ बारसिया , जुनारदेव महाविद्यालय से डॉ तांडेकर सहित पीजी कॉलेज के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



### दो सत्र में कार्यशाला

प्रथम दिन प्रथम सत्र में डॉ जी एल पुणतांबेकर ने व्याख्यान दिया वहीं द्वितीय सत्र में डॉ मुकेश अग्रवाल तथा डॉ भरत कुमार मेहर ने प्रायोगिक तरीके से सॉफ्टवेयर का उपयोग समझाया।



## विधानसभा जाते मंत्री और विधायक









कुछ लोग प्रचार प्रसार पब्लिसिटी धर्म की निस्वार्थ सेवा के लिए जाने जाते है ..उनके व्यक्तित्व की छाप दिमाग से ज्यादा दिलों में बसती है ..ऐसे बिरले समर्पित व्यक्तित्व श्रद्धेय पुष्पेंद्र पाल सिंह जी को संपूर्ण विज्ञापन ..जनसंपर्क जगत की विनम्र श्रद्धांजलि ...राजेश जैन भोपाल एडवरटाइजिंग क्लब



आज सपाक्स पार्टीद्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड में अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए आयोजित हुआ इस धरने का आयोजन धरने के संयोजक सुरेंद्र शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सोलंकी द्वारा किया गया

## नगर पालिका चुनाव में हार पर तकरार, कांग्रेस के दो गुटों में विवाद, मारपीट और प्रकरण दर्ज

धार। शहर में रंगपंचमी की रात दो कांग्रेस नेताओं में विवाद हो गया। नगर पालिका के हाल ही में हुए चुनाव में हार की बात पर विवाद होने की बात सामने आई है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ और फिर मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज करवाए है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

कांग्रेस की तरफ से अमित सोनी की पत्नी माधुरी सोनी ने वार्ड क्रमांक-21 से कांग्रेस के टिकट पर पार्षद का चुनाव लडा था, इसमें वह भाजपा प्रत्याशी ज्योति कालीचरण सोनवानिया से हार गई थी। इस हार के चलते अमित सोनी और कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद रहे प्रमोद सेनापति के बीच मनमुटाव चल रहा था। रंगपंचमी के दिन रविवार शाम को दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

कांग्रेस नेता प्रमोद सेनापति और अमित सोनी के बीच मझली अली में विवाद हुआ। मारपीट के बाद मौजूद लोगों ने मामला शांत करवाया। घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली थाने पहुंचे। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। एक पक्ष प्रमोद सेनापति की रिपोर्ट पर आरोपी अमित सोनी पिता रमेश सोनी और साथियो पर धारा 147, 452, 294, 352 व 506 भादवि में प्रकरण दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष अमित सोनी की पत्नी माधुरी सोनी की रिपोर्ट पर आरोपी प्रमोद सेनापति और उनके पूत्र बाटू और अन-?य साथियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने पर धारा 147, 294, 323, 352 व 506 भादवि में प्रकरण दर्ज किया है। कोतवाली टीआई दीपक चौहान ने बताया चुनाव में हार-जीत की बात लेकर विवाद हुआ था। शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है।

## गहोई वैश्य समाज मंडल अयोध्या नगर मैं होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया



भोपाल। होली मिलन का यह कार्यक्रम दीप प्रज्वलन कर फूलों की होली एवं चंदन का टीका लगाकर सभी लगभग समाज के 300 परिवारों द्वारा मनाया गया इस कार्यक्रम में बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों के खेलकूद बच्चों के डांस कविता एवं गीत प्रस्तुत किए गए ,इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों का एवं छात्राओं का सम्मान किया गया। बुजुर्गों एवं जिनके वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं ,ऐसे जोड़ों का भी सम्मान भी किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गहोई वैश्य समाज पंचायत भोपाल के अध्यक्ष राकेश कनकने जी, उमाशंकर लहरिया जी, देवेंद्र विश्वारी जी, जी.सी. पहारिया जी, अमरचंद कठिल जी, रत्नाकर सेठिया जी, दिनेश बिलैया, सुशील बेहरे, चंद्रप्रकाश नौंगरैया, दीपक सांवला ,मोर साहब ,डी.पी. जलौना ,जेपी विश्वारी, आशीष कंदेले, राकेश नौंगरैया, अशोक बरसैया, रामकुमार कंदेले आदि समाज के लगभग 600 लोग उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री सिंह चौहान को जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई क्षेत्र में पाइप लाइन द्वारा सिंचाई कर सिंचित क्षेत्र के विस्तार के लिए किए गए बेहतरीन कार्य पर केंद्र सरकार द्वारा तीन मार्च को दिए गए पुरस्कार से अवगत करवाया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान और मंत्री गण ने इसके लिए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी।

## तहसीलदार के खिलाफ वकील लामबंद




छतरपुर~ छतरपुर में जिला अधिवक्ता संघ ने छतरपुर नगर प्रभारी तहसीलदार सुनील वर्मा द्वारा कथित रूप से किये जा रहे भ्रष्टाचार, अनियमितता एवं तानाशाही पूर्ण रवैये के विरुद्ध आज13 मार्च 2023 से 17 मार्च 2023 तक हड़ताल पर रहेंगे।

छतरपुर में एक बार फिर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा ने छतरपुर तहसीलदार के खिलाफ बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर निकले और ज्ञापन सौंपा है। सैकड़ों की संख्या में वकीलों ने एकत्रित होकर जिला न्यायालय से डाकखाना छत्रसाल चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, स्क्र आफ़िस के सामने से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

वकीलों ने छतरपुर स्ष्ठरूतहसील कार्यालय में पदस्थ नगर तहसीलदार सुनील वर्मा को हटाने और उसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर जमकर नारेबाजी की और आज से कलम बंद हड़ताल पर जाने की बात कही। यहां वकीलों ने तहसीलदार के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पिछले दिनों भी हम वकीलों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया था। उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो आज फिर सड़कों पर उतरकर हम पुनः विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं और तत्काल प्रभाव से तहसीलदार को हटाने की मांग की है।

## राजनैतिक शुद्धिकरण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया

### पत्रकार कल्याण परिषद का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

सतना। पत्रकार कल्याण परिषद का 15वां स्थापना दिवस समारोह होटल रिची रिच में सम्पन्न हुआ। स्वार्थ पूर्ण भ्रष्ट होती राजनीति से समाज को मुक्ति दिलाने का दायित्व पत्रकारिता पर है- इस निष्कर्ष के साथ सम्पन्न हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक चेतना एवं जाग्रति का अभियान चलाने का निर्णय लिया।

पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि अर्थ आधरित राजनीति ने समाज का स्वरूप बदल दिया है इस पर चिंतन होना चाहिए । स्वच्छ समाज निर्माण हम सबका दायित्व है। इस दौर में चुनाव में भारी धन की आवश्यकता पड़ती है और जो व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत हो वही चुनाव लडने् की योग्यता रखता है।

विन्ध्य चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल ने कहा स्वच्छ राजनीति ही समाज को मजबूत बना सकती है इसके लिए हमे आपस मे बैठकर योजना के साथ काम करना चाहिए। चुनाव आयोग को आम जनता की तरफ से यह प्रस्ताव जाना चाहिए कि जिन राजनैतिक दलों ने पिछले चुनाव के दौरान जो घोषणाएं की थी अर्थात जो घोषणा-पत्र जारी किया था यदि उन्होंने उसे पूरा नहीं किया है तो उन्हें दोबारा चुनाव आने पर घोषणाएं करने से रोका जाना चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि जनता के साथ छल-कपट की राजनीति ठीक नहीं है। पूर्व महापौर ममता पाण्डेय पत्रकार कल्याण परिषद के इस अभियान का पूर्व महापौर ममता पाण्डेय ने प्रशंसा करते हुए हर कदम पर सहयोग करने तथा सबसे आगे चलने का वचन दिया। उन्होंने कहा बेईमानी को बेनकाब कर समाज से बाहर खदेड़ देना चाहिए तभी समाज मजबूत होगा और लोगो की समस्याये दूर होंगी।

स्वच्छ राजनीति और सामाजिक व्यवस्था के लिए लोगों को जागृत करना आवश्यक है और इस जागृति के लिए जो भी अभियान चलाया जाए उसमें मैं सबसे आगे रहूंगी। सच्चाई और ईमानदारी सामने आएगी तो जनता समर्थन अवश्य देगी। उन्होंने इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए पत्रकार कल्याण परिषद को प्रोत्साहित किया। पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन पर कहा कि सामाजिक और राजनैतिक परिस्थितियों में कदम-कदम पर समझौता करना पड़ता है। कई बार विषम परिस्थितियों को भी न चाहते हुए हम राजनेताओं को मुस्कुराकर स्वीकार कर लेना पड़ता है। पत्रकार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक मो. नईम खान ने कहा कि पत्रकार कल्याण परिषद ने हमेशा ही पत्रकारों की परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के साथ-साथ जन कल्याण की बातों को प्राथमिकता दी है। हमने हमेशा स्वच्छ व्यवस्था के लिए कार्य किया है और आगे भी भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए जन अभियान के साथ इस संकल्प को पूरा करेंगे।

लखन अग्रवाल पूर्व चेम्बर अध्यक्ष और सतना के प्रतिष्ठित व्यवसायी लखन अग्रवाल ने कहा कि कई बार पत्रकारिता के नाम पर की गई ब्लैकमेलिंग मन दुखी कर देती है। पत्रकारिता जैसे पवित्र पेशे के प्रति आम व्यक्ति में जो सम्मान की भावना कायम है उसे ठेस लगती है। उन्होंने एक उदाहरण के माध्यम से इस प्रसंग को परिभाषित किया। समाजसेवी लखन अग्रवाल ने कहा कि राजनैतिक भ्रष्टाचार के कारण सामाजिक स्वरूप विकृत हो गया है इसकी शुद्धता के लिए यदि पत्रकार कल्याण परिषद कोई अभियान चलाता है तो हम तन-मन-धन से साथ में हैं। धीरू दादा गोरइया चिंतक विचारक-समाजसेवी धीरेन्द्र प्रताप सिंह गोरइया ने इस अवसर पर समाज के वास्तविक स्वरूप की स्थापना के लिए हर व्यक्ति के उत्तरदायित्व को निर्धारित करते हुए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम हर परिस्थिति में भ्रष्टाचार मुक्त राजनैतिक व्यवस्था के पक्षधर हैं और उसके लिए जो व्यक्ति आगे आए उसके साथ सभी को एकजुटता से खड़े होना चाहिए। उन्होंने पत्रकार कल्याण परिषद द्वारा प्रस्तावित की गई राजनीति और सामाजिक भ्रष्टाचार मुक्त अभियान की प्रशंसा करते हुए उपस्थित जनों से समर्थन की अपील किया जिस पर सभी ने अपनी सहमति की मुहर लगाई। पूर्व पार्षद सुशील सिंह मुन्ना ने राजनैतिक शोषण पर अपनी बात रखते हुए हर व्यक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए भ्रष्ट और स्वार्थ पूर्ण राजनीति के बहिष्कार की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं संघर्ष के रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं यह बात जरूर है कि मैं किसी के साथ धोखा नहीं करता जिसके साथ रहता हूं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ खड़ा रहता हूं। मेरी निष्ठा मेरे कृत्यों से अपने आप सामने आ जाती है इस बात से हमारा समाज और सतना की जनता भली-भांति परिचित है। उन्होंने पत्रकार कल्याण परिषद द्वारा उठाए गए मुद्दे का समर्थन करते हुए राजनीति में स्वार्थी और भ्रष्टाचारियों को खदेडने् के लिए जन जागृति अभियान का पुरजोर समर्थन किया तथा तन-मन-धन से सहभागिता का वचन दिया। वरिष्ठ पत्रकार अशोक शुक्ला ने व्यंगात्मक लहजे पर राजनीति में व्याप्त अवसरवादित और भ्रष्टाचार पर सटीक ध्यान आकर्षित किया। राजनेता के बदल चुके स्वरूप और अर्थ पर भी उन्होंने अपनी बात रखते हुए सामाजिक चेतना को आवश्यक बताया। आम व्यक्ति को वास्तविकता से अनभिज्ञ नहीं रहना चाहिए यह कहते हुए उन्होंने इस दिशा में सार्थक प्रयास का समर्थन किया। वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार त्रिपाठी ने बताया कि आज जो भी बड़ी-बड़ी नेतागिरी झाड़ रहे हैं यह भ्रष्टाचार के दल-दल में समाए हुए हैं।



मंदिरों में मंगलवार सुबह से ही शीतला सप्तमी की पूजा करने को लेकर महिलाओं की लंबी कतार लग गई। महिलाओं ने लंबी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने पर विधि विधान से शीतला माता की पूजा अर्चना कर अपने बच्चों के निरोगी रहने एवं उनकी लंबी आयु की कामना को लेकर मनोकामना की।

## करीला मेले में महिलाओं की मेडिकल जाँच को लेकर दल गठित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को हटाया

ग्वालियर~÷अशोकनगर जिले के ऐतिहासिक करीला मेले में प्रशासन द्वारा दरबार में आई महिलाओं का कराया जा रहा है एचआईवी टेस्ट÷ शीर्षक से सोशल मीडिया पर समाचार चलाया गया। उस समाचार के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोकनगर द्वारा वक्तव्य भी दिया गया जिसके कारण प्रशासन की छवि धूमिल हुई और राष्ट्रीय महिला आयोग ने मानव अधिकार का उल्लंघन मानते हुए आपत्ति दर्ज कराते हुए जवाब भी माँगा है।

क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ग्वालियर डॉ. राकेश चतुर्वेदी ने उक्त प्रकरण की जाँच के लिये तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है।

क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. राकेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जाँच दल गठित किया गया है, जिसमें संयुक्त संचालक स्थानीय कार्यालय डॉ. पी के शर्मा, जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस एस भूषण तथा आईसीडीसी सुपरवाइजर श्री कुलदीप भदौरिया को रखा गया है। यह दल पूरे प्रकरण की जाँच कर दो दिवस में तथ्यात्मक जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगा।

उक्त घटना पर अपर संचालक स्वास्थ्य सेवायें भोपाल श्री अजीजा सरशार



जफर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोकनगर डॉ. नीरज कुमार छारी को हटा कर आगामी आदेश तक संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें भोपाल में कार्य करने हेतु आदेशित किया है।

## होली भारत का एक विशिष्ट सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पर्व है : योग गुरु महेश

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 8 मार्च दिन बुधवार को प्रातः 5 बजे योग साधको द्वारा सभी के जीवन में रंगों का त्यौहार होली पर्व मंगलमय हो सभी स्वस्थ रहें सभी प्रसन्न रहें एवं सबके जीवन में उजाला हो इसके लिये सामूहिक योग साधना करके मनाया गया। भारतीय संस्कृति के सभी पर्व योग की शिक्षा के साथ अनुशासन , स्वच्छता, आत्मीयता, संकल्पों को गति, दिनचर्या में परिवर्तन एवं शुभ भाव में रहने का संदेश देते है।

इस अवसर पर सभी सम्मानीय गुरुजन, योग साधक, प्रकृति प्रेमी, समाज सेवी, धर्म प्रेमी भाई बहन बच्चे उपस्थित रहें प्रमुख रूप से डॉ. रमन श्रीवास्तव, एम बी सिंघल, साधना सिंघल, रमेश कुमार साहू, सुनील सोलंकी, प्रेमशंकर पाण्डेय, गीता पांडेय,बैजनाथ भगत श्वेता केंदुलकर, संगीता सदावर्ते, सुदीप्ता रॉय, श्रद्धा गणपते, सुनीता जोशी, आशा गजभिये, सारंगा नगरारे उपस्थित रहें ।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि होली भारत का एक विशिष्ट सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक त्यौहार है। अध्यात्म का



अर्थ है मनुष्य का ईश्वर से संबंधित होना या स्वयं का स्वयं के साथ संबंधित होना है। इसलिए होली मानव का परमात्मा से एवं स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का पर्व है। होली रंगों का त्यौहार है। रंग सिर्फ प्रकृति और चित्रों में ही नहीं हमारी आंतरिक ऊर्जा में भी छिपे होते हैं, जिसे हम आभामंडल कहते हैं । एक तरह से यही आभामंडल विभिन्न रंगों का समन्वय है, संगठन है। हमारे जीवन पर रंगों का गहरा प्रभाव होता है, हमारा चिन्तन भी रंगों के सहयोग से ही होता है। हमारी गति भी रंगों के सहयोग से ही होती है। हमारा आभामंडल, जो सर्वाधिक शक्तिशाली होता है, वह भी रंगों की ही अनुकृति है। आज वैज्ञानिक दृष्टि इतनी विकसित हो गई कि अब पहचान त्वचा से नहीं, आभामंडल से होती है। होली का अवसर अध्यात्म के लोगों के लिये ज्यादा उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसलिये अध्यात्म एवं योग के विशेषज्ञ विभिन्न रंगों के ध्यान एवं साधना के प्रयोगों से आभामंडल को सशक्त बनाते हैं। इस तरह होली कोरा आमोद-प्रमोद का ही नहीं, अध्यात्म का भी अनूठा पर्व है। होली का त्यौहार एवं उससे जुड़ी बसंत ऋतु दोनों ही पुरुषार्थ के प्रतीक हैं।

होली पर रंगों की गहन साधना हमारी संवदेनाओं को भी उजली करती है। क्योंकि असल में होली बुराइयों के विरुद्ध उठा एक प्रयत्न है, इसी से जिंदगी जीने का नया अंदाज मिलता है, औरों के दुख-दर्द को बाँटा जाता है, बिखरती मानवीय संवेदनाओं को जोड़ा जाता है।

होली के अवसर पर आध्यात्मिक रंगों से होली खेलने की ध्यान की प्रक्रिया निश्चित ही सुखद एवं एक अलौकिक अनुभव है। रंगों का लोकजीवन में ही नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। आओ सब मिलकर होली के इस आध्यात्मिक स्वरूप को समझें और इस पर्व के साथ जुड़ रही विसंगतियों को उखाड़ फेकें।